दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 205
कोटद्वार रविवार
27 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

शीतकाल में बदरीनाथ में साधू करेंगे साधना

चमोली। परम्परा के अनुसार शीतकाल के लिए बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद हो गये हैं। मान्यता के अनुसार इस अवधि में देवता भगवान बदरी विशाल की पूजा अर्चना और दर्शन करेंगे। शीतकाल में भी बदरीनाथ साधु संत साधना करते हैं। इस बार भी साधु संत बर्फ के बीच बदरीनाथ में तप साधना करेंगे। इस बार बदरीनाथ में कपाट बंद होने पर साधना के लिए अभी 12 साधुओं को अनुमति मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 33 साधुओं ने शीतकाल में बदरीनाथ में रहने की अनुमति मांगी है। पुलिस और प्रशासन सभी आवेदनों की छान बीन और आवश्यक प्रपत्रों के बाद ही शीतकाल में बदरीनाथ में रहने की अनुमति और स्वीति देता है। जोशीमठ की उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी ने बताया अभी तक बदरीनाथ में इस शीतकाल में 12 साधुओं को रहने की स्वीति उनके आवेदन पर मिली है। बदरीनाथ में मास्टर प्लान निर्माण कार्य और नमामि गंगे निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर कार्य कर रहे हैं। लोनिवि और विभिन्न निर्माण एजेंसियों के तरह बदरीनाथ में कार्य हो रहा है ।

भारत हमेशा डर और हिंसा के खिलाफ निडर खड़ा रहा : राहुल गांधी

नई दिल्ली, (एजेंसी) । कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 26ध11 के आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हिंदुस्तान हमेशा डर और हिंसा के खघ्लिाफ निडर खड़ा रहा है । राहुल गांधी ने कहा कि भारत की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिक देश का गौरव हैं। 26ध11 मुंबई आतंकी हमले की आज 14वीं बरसी है। पूरा देश उन शहीदों को याद कर रहा है, जिन्होंने मुंबई पर आई आफत के दौरान आतंकियों से लोहा लिया था और शहीद हो गए थे। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मुंबई हमले में शहीद होने वाले जवानों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, भारत की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिक देश का गौरव हैं। मुंबई 26ध11 के आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों और आम नागरिकों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। हिंदुस्तान हमेशा डर और हिंसा के खिलाफ निडर खड़ा रहा है, और आगे भी रहेगा।

आटा हो गया 37 रूपये प्रति किलो, सरकार खामोश क्यों : मायावती

लखनऊ,(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर गरीबी,महंगाई और बेरोजगारी की समस्या के प्रति लापरवाह होने का आरोप लगाते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आटा का दाम भी पिछले एक साल में बढ़ कर 37 रूपये किलो हो गया है मगर सरकार खामोश बनी हुयी है। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर महंगाई बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होने कहा देश में व्याप्त गरीबी व पिछड़ेपन के लाचार जीवन में महंगाई की मार तथा बेरोजगारी से त्रस्त मेहनतकश लोग हर दिन आटा, दाल-चावल व नमक-तेल आदि के महंगे दाम को लेकर सरकार को कोसते रहते हैं, किन्तु वह इसका जवाब देने व उपाय ढूंढने के बजाय ज्यादातर खामोश बनी रहती है, ऐसा क्यों।

यूकेएसएससी पेपर लीक मामला

धामी सरकार की बड़ी कार्रवाई, कुर्क होगी हाकम सिंह की अवैध संपत्ति, चलेगा बुलडोजर

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड अशोक कुमार की अगुवाई में एसटीएफ देहरादून द्वारा सभी नकल माफियाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में यूकेएसएससी भर्ती परीक्षा घोटाले के प्रमुख आरोपी हाकम सिंह की अवैध संपित्ति की कुर्की की तैयारी हो गई है। इसके लिए एसटीएफ द्वारा डीएम को रिपोर्ट सौंप दी गई है।

पुलिस ने हाकम सिंह पर गैंगस्टर लगा रखा है। हाकम सिंह के द्वारा यूकेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में धांधली कराकर परिक्षार्थियों से अर्जित किये गये अवैध धन से खरीदी गयी चल-अचल सम्पत्ति का मुल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें हाकम सिंह द्वारा इस भर्ती धांधली में अब तक लगभग छह करोड़ रूपये की चल-अचल सम्पत्ति, वाहन का अर्जित करना पाया गया है। जिस पर अभियुक्त हाकम सिंह की अवैध रूप से अर्जित की गई छह करोड़ रूपये की चल-अचल सम्पत्ति को कुर्क/जब्तीकरण किये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक एसटीएफ द्वारा अपनी एक विस्तृत रिपोर्ट माननीय जिला मजिस्ट्रेट देहरादून भेजी गयी है।एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि यूकेएसएससी भर्ती घोटाले के सभी मुख्य आरोपियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत एसटीएफ द्वारा विवेचना की जा रही है और गैंगस्टर अधिनियम में धारा 14 में अभियुक्तगणो द्वारा अवैध कार्यों के द्वारा अर्जित चल-अचल सम्पत्ति को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करने का प्राविधान है। इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुश अग्रवाल द्वारा बताया गया की उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में एसटीएफ की टीम को भर्ती घोटाले में संलिप्त गिरफ्तार अभियुक्तों की सम्पत्ति की जांच को लेकर टीमें रवाना की गई हैं। आगामी दिनों में अन्य अभियुक्तों की भी सम्पत्ति का आंकलन कर जब्ती कार्यवाई शुरू की जा रही है।

सीएम धामी ने की नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री ड.मुरली मनोहर जोशी जी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

जीएसटी क्षतिपूर्ति की अवधि में पांच साल का विस्तार चाहते हैं राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी। कोविड महामारी की वजह से केंद्र व राज्यों के राजस्व पर जो असर पड़ा है उसका कुछ प्रभाव शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ राज्यों के वित्त मंत्रियों की बजट पूर्व बैठक में भी साफ दिखाई पड़ा। सिर्फ कांग्रेस व दूसरे गैर भाजपाई राज्यों की तरफ से ही नहीं बल्कि कुछ भाजपा शासित राज्यों ने भी राजस्व के मोर्चे पर उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए केंद्र के राजस्व संग्रह में ज्यादा हिस्सेदारी की बात रखी। इसी तरह से केंद्र सरकार की तरफ से कुछ महत्वपूर्ण उत्पादों पर अधिभार लगाने की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ भी गैर भाजपा शासित राज्यों ने उठाया तो कुछ भाजपा शासित राज्यों ने भी परोक्ष तौर पर इस मुद्दे पर समर्थन किया। कई राज्यों की तरफ से जीएसटी क्षतिपूर्ति की अवधि पांच वर्ष और बढ़ाने की मांग बहुत ही जोरदार तरीके से रखी गई।

कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़, आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार और भाजपा-शिंदे गठबंधन की महाराष्ट्र सरकार, हरियाणा सरकार के प्रतिनिधियों ने बैठक में कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए केंद्र को अतिरिक्त राजकोषीय मदद की घोषणा करनी चाहिए।बैठक को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री (वित्त मंत्रालय का प्रभार) भूपेश बघेल ने अपने भाषण में जीएसटी कंपनसेशन की अवधि को पांच वर्ष और बढ़ाते हुए इसे वर्ष 2026-27 तक लागू करने की मांग की।

अपने राज्यों के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की घोषणा करने वाले बाघेल ने केंद्र सरकार से यह भी अपील की है कि नई पेंशन स्कीम में उनके राज्य के कर्मचारियों की तरफ से दी गई 17,240 करोड़ रुपये की राशि को राज्य को लौटा देनी चाहिए ताकि इस फंड से एक अतिरिक्त फंड का निर्माण हो और भविष्य में भविष्य निधि व पेंशन भुगतान में मदद मिले।

इस फंड का इस्तेमाल राज्य सरकार केंद्र व राज्यों के बांड्स में निवेश में करेगी।

शराब का धंधा छोड़ने वाले को एक लाख रुपये देगी सरकार

पटना, एजेंसी। बिहार में शराब का कारोबार छोड़कर लोग अब दूसरे काम में लग गए हैं। इन्हें राज्य सरकार एक लाख रुपए की मदद दे रही है। अब तक 147 लाख लोग इसका फायदा उठा चुके हैं। देसी शराब और ताड़ी के धंधे को छोड़कर लोग अब गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, शहद उत्पादन आदि छोटे व्यवसाय शुरू कर चुके हैं। यह बातें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नशामुक्ति दिवस पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर 2011 से ही हमने मद्य निषेध दिवस मनाना शुरू कर दिया था। उस समय शराबबंदी नहीं लागू थी, लेकिन लोगों को मद्य निषेध के प्रति हम लोग प्रेरित कर रहे थे। इसके पक्ष में प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। बिहार में शराब की बिक्री से टैक्स के रूप में पांच हजार करा-ड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति होती थी। उन्होंने कहा कि साल 2015 में पटना के एक कार्यक्रम में जब हम भाषण समाप्त कर बैठे थे तो पीटे बैठी महिलाओं ने शराब बंदी की मांग की। हमने उसी समय कह दिया था कि अगर अगली बार चुनाव में जीत कर आए तो बिहार में शराब बंदी लागू करेंगे। शराब बंदी को लेकर अभियान चलाया गया और 1 अप्रैल 2016 से हमने बिहार में शराब बंदी लागू कर दी। गांव में देसी और विदेशी दोनों शराब को बंद कर दिया, लेकिन शहरों में विदेशी शराब की दुकान खोलने की इजाजत दी गई। शहरों में विदेशी शराब की दुकान खुलने का लोगों ने काफी विरोध किया। इसे देखते हुए हमने 5 अप्रैल 2016 से शहरों में भी विदेशी शराब की दुकान को बंद कर दिया और बिहार में पूर्ण शराब बंदी लागू हो गई।

पीएम नीतीश ने नशा मुक्ति दिवस पर किया बड़ा एलान

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में 90 प्रतिशत लोग अच्छे होते हैं, 10 प्रतिशत ही गड़बड़ करने वाले होते हैं। इन्हें ठीक करने के लिए सभी को प्रयासरत रहना है। उन्होंने कहा कि ताड़ के पेड़ से सूर्योदय से पहले नीरा निकलता है और सूर्योदय के बाद ताड़ी। नीरा स्वादिष्ट होता है, स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभदायक होता है। नीरा से पेड़ा और गुड़ भी बनाया जाता है। बिहार में इस साल नीरा का काफी उत्पादन हुआ है। साल 2018 में हमने सतत् जीवकोपार्जन योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत शराब के धंधे से जुड़े लोगों को दूसरा धंधा शुरू करने के लिए एक लाख रुपये तक की मदद की जा रही है।

महिला सुरक्षा पर यूजीसी सख्त

नई दिल्ली। महिला सुरक्षा पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सख्त रुख अपनाते हुए देश भर के सभी विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थानों को एक बार फिर सचेत किया और कहा कि वह कैंपस में इसे सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाए। यूजीसी ने इस दौरान लैंगिक भेदभाव से जुड़ी घटनाओं को रोकने के लिए संस्थानों में दस दिसंबर तक विशेष पखवाड़ा मानने की भी सलाह दी है। जिसमें महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए बने कानून के प्रावधानों से सभी को अवगत कराने को कहा है।यूजीसी ने यह पहल तब की है, जब उच्च शिक्षण संस्थानों ने नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ है। ऐसे समय में उच्च शिक्षण संस्थानों में रैंगिंग और महिला के साथ लैंगिक भेदभाव के मामले सामने आते है।यूजीसी ने इसके अलावा संस्थानों से अपने यहां महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े लंबित मामलों को भी नौ दिसंबर तक निपटाने के निर्देश दिए है।

यात्रा में देश विरोधी नारे वाले वीडियो पर सियासत गर्म

भोपाल, एजेंसी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मध्य प्रदेश में चौथा दिन है। इस बीच राहुल गांधी की यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद नारा लगने को लेकर राजनीति तेज है। दोनों ही राजनीति दल कांग्रेस और बीजेपी एक दूसरे को घेर रहे हैं। अब राहुल गांधी के पुराने मित्र ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उन पर पलटवार किया है।

बीजेपी नेताओं ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने का एक वीडियो शेयर कर कांग्रेस पर निशाना साधा है। बीजेपी के नेशनल इंफर्मेशन एंड टेक्नोलजी डिपार्टमेंट के इंचार्ज अमित मालवीय के ट्वीट को रीट्वीट कर सिंधिया ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए हैं। सिंधिया ने ट्वीट किया कि ये कैसी भारत जोड़ो यात्रा, जिसमें राष्ट्र विरोधी भारत तोड़ो मानसिकता। बता दें सिंधिया ने राहुल गांधी के मध्य प्रदेश में भ्रष्ट विधायकों को खरीद कर सरकार बनाने वाले बयान के बाद प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले सिंधिया ने ग्वालियर में मीडिया से कहा था कि प्रजातंत्र में सभी को बोलने और यात्रा निकालने का अधिकार है।

सनेहवासियों ने किया विस अध्यक्ष का घेराव, बाईपास का किया विरोध

एनएचआई की ओर से सनेह क्षेत्र में बनाए जा रहे बाईपास मार्ग का किया विरोध ,सनेह क्षेत्र से बाईपास मार्ग बनाने का निर्णय वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः लापानी क्षेत्र के श्री गुरु राम राय विद्यालय में कार्यक्रम के उपरांत लौट रही विधानसभा अध्यक्ष को क्षेत्रवासियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। सनेह वासियों ने क्षेत्र में प्रस्तावित राष्ट्रीय रामार्ग का विरोध करते हुए विधनसभा अध्यक्ष का घेराव किया। आंदोलन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के समीप पहुंच रहे लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पसीना बहाना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने सनेह क्षेत्र में बाइपास मार्ग बनाए जाने का निर्णय जल्द वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

आक्रोश के बीच बदलना पड़ा रूट

लोगों के लगातार बढ़ रहे विरोध के बाद पुलिस व प्रशासन को विधानसभा अध्यक्ष का रूट बदलना पड़ा। लालपानी से सीधे कुंभीचौड़ आने के बजाय विधानसभा अध्यक्ष का वाहन सनेह से कालागढ़- सिद्धबली रोड होते हुए बाजार की पहुंचा। विधानसभा अध्यक्ष के जाने के बाद भी सनेह वासी मौके पर प्रदर्शन करते रहे।

शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची थी। जैसे ही सनेह वासियों को विधानसभा अध्यक्ष के कार्यक्रम में पहुंचने की सूचना मिली वह विद्यालय के गेट पर एकत्रित हो गए। कुछ घंटे बाद जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष कार्यक्रम से बाहर निकली लोगों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कई लोग विस अध्यक्ष के वाहन के आगे लेटने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लोगों का आरोप था कि सनेह क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के नाम पर उन्हें बेघर करने की योजना बनाई जा रही है। कहा कि वर्तमान में एनएच-534 पहले से ही अस्तित्व में है जिसका कौड़िया से बाजार होते हुए सिद्धबली तक चौड़ीकरण किया जाना चाहिए था। लेकिन, शासन और स्थानीय प्रशासन द्वारा जानबूझकर सनेह क्षेत्र की आबादी को उजाड़ने के लिए बाईपालस मार्ग का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया। कहा कि इससे पहले छह मई, 2021 को कौड़िया से लेकर बालासौड़ होते हुए लालपुर घराट बाईपास बनाने के लिए भी गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसे प्रशासन ने अकारण वापस ले लिया। कहा कि सनेह क्षेत्र से बाईपास निकालने पर कई लोगों की उपजाऊ भूमि व आवासीय भवन इसकी चपेट में आ जाएंगे। आक्राशित लोग विधानसभा अध्यक्ष से उनके साथ चलकर क्षेत्र की स्थिति को देखने की जिद में अड़े रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की रिपोर्ट केंद्र को भेजी गई है। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद अनिल रावत,सुशीला बलूनी, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

विस अध्यक्ष के विरोध के दौरान आंदोलन कर रहे लोगों को रोकती पुलिस।

आंदोलन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष को अपनी समस्याओं से अवगत करवाती महिलाएं

अधिकारी जनता के बीच जाकर समस्याओं का निस्तारण करें : डीएम

बहुउद्देशीय शिविर में 42 शिकायतें दर्ज, 455 लोगों ने लिया योजनाओं का लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जन समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण के लिए शनिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में कपीरी पट्टी के दूरस्थ गांव कण्डारा में बहुउदेशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता ने 42 शिकायतें दर्ज की। जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण भी किया। शिविर में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से 455 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बहुउदेशीय शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र भ्रमण के लिए रोस्टर निर्धारित करें और जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। संविधान दिवस के मौके पर आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को संविधान दिवस की शपथ भी दिलाई और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की बात कही। बहुउदेशीय शिविर में कण्डारा, खतियाडी, जसियारा, कुनेथ, किमोली आदि गांवों के लोगों ने सड़क, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, भूस्खलन, आर्थिक सहायता, क्षतिग्रस्त पैदल

मार्ग आदि से जुडी समस्याएं रखी। ग्वाड-डिढोली-किमोली मोटर मार्ग, डिमंर-सुमल्टा मोटर मार्ग, नौसारी-बणसोली मोटर मार्ग, नैनीसैंण-केदारकोट मोटर मार्ग का निर्माण तथा कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग सुधारीकरण की समस्या पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को विभिन्न स्तरों पर लंबित सडक प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराने और कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग सुधारीकरण हेतु तत्काल कार्रवाई करने को कहा। क्षेत्रवासियों की नैनीसैंण से केदारकोट तक सडक निर्माण की मांग पर डीएम ने प्रस्ताव तैयार करने को कहा। क्षेत्र में विद्युत से जुड़ी अधिकांश शिकायतों को देखते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को कपीरी पट्टी के गांव क्षेत्रों में स्थित विद्युत लाईन का सर्वे करने के निर्देश दिए।

कहा कि जहां पर विद्युत लाईन शिफ्ट करने की आवश्यकता है या जो पोल खराब हो गए है, उनको एक महीने के भीतर बदलना सुनिश्चित करें।

शिविर में एलोपैथिक द्वारा 151, आयुर्वेदिक द्वारा 67, होम्योपैथिक द्वारा 78 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। समाज कल्याण द्वारा 10 पेंशन प्रकरणों का सत्यापन एवं वृद्धावस्था पेंशन के 6 आवेदन लिए गए। पंचायत राज द्वारा 35 परिवार रजिस्टर की नकल तथा सीएससी द्वारा 5 परिवार एवं 3 आय प्रमाण पत्र मौके पर बनाए गए। कषि ने 11, उद्यान ने 13, पशुपालन ने 11 लोगों को कृषि यंत्र, बीज, दवा वितरण की गई। पर्यटन विभाग द्वारा वीर चन्द्र सिंह गढवाली योजना के तहत वाहन मद में 2 आवेदन के साथ ही होम-स्टे की जानकारी दी गई। उद्योग विभाग ने एमएसवाई व पीएमईजीपी की जानकारी दी।

सैनिक कल्याण ने 03 पूर्व सैनिकों की पेंशन संबधी समस्याओं का निराकरण किया और पेंशन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु स्पर्श एप संबध में जानकारी दी। शिविर में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, मुख्य विकास अधिकारी डा. एलएन मिश्र, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, सीटीओ सूर्य प्रताप सिंह, एसीएमओ डा. उमा रावत, डीडीओ सुमन राणा, ब्लाक प्रमुख चन्द्रेश्वरी देवी, कण्डारा ग्राम प्रधान कुसुम लता, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, समस्त जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी व क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में भविष्य बनाने की जानकारी दी

नई टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में जिला उद्योग केंद्र की ओर से उद्यमिता और कौशल संवर्धन सेमिनार के दूसरे दिन युवा सशक्तिकरण विषय पर वक्ताओं छात्रों ने कई जानकारी दी। शनिवार को सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में पंजाब विवि के प्रो. संजय कौशिक ने ऑनलाइन माध्यम से छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में करियर बनाने के बारे में जानकारी दी।

उत्तरकाशी महाविद्यालय की प्रो. मधु थपलियाल ने उत्तरकाशी के गाजणा पट्टी में हल्दी उत्पादन से ग्रामीणों को पहचान दिलाने और आत्म निर्भरता बनने की बात बताई।

ग्राफिक एरा के प्रो. आशीष थपलियाल ने उद्यमिता के विविध आयामों की समझ को सफलता के लिये जरुरी बताया।

कवि सम्मेलन में हास्य कवियों ने कसे नेताओं पर तंज

नई टिहरी : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड कोटेश्वर में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हास्य धारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कवियों ने अपनी कविताओं से नेताओं पर कई तंज कसे। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड कोटेश्वर में एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि टिहरी काम्लेक्स के ईडी यूके सक्सेना ने किया। कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवि चिराग जैन ने हास्य कविताओं से शुरुआत की। सर्वप्रथम कवियों के संयोजक और संचालक चिराग जैन ने सभी कवियों का परिचय उपस्थित जन समूह से कराया। कवि सम्मेलन की शुरुआत मनीषा शुक्ला ने सरस्वती वंदना से की। इसके पश्चात उन्होंने श्रृंगार रस की कविता से स्त्रोताओं को भाव विभोर इस तरह से किया प्रीत से जगी ए बावरी हो गई, इक कसौटी को छूकर खरी हो गई। एक सूखे बांस का अंश थी, कृष्ण ने जब छुआ ए बांसुरी हो गई। चिराग जैन ने प्रस्तुति पेश कीश्ग़मों का दौर है आफत में जान है लेकिन ए कुछ ऐसा रंग चढ़े और हो जाय, फिर एक बार उत्सवों पे नूर आया है ए फिर एक बार ठहाकों का दौर हो जाय। हेमंत पांडे ने नेताओं पर चुटकी लेते हुए कहा एक नेता जी जिन्दगी से उब गए, बिना बताये गंगा जी में डूब गए, जहां होनी थी पूजा वहां रैली हो गई, तभी से राम तेरी गंगा मैली हो गई। कवि गोविंद राठी और शंभू शिखर ने भी अपनी हास्य कविताओं से हंसाने का काम किया। इस हास्य धारा में कवियों द्वारा स्त्रोताओं का भरपूर मनोरंजन करते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों पर तंज कसे एवं वर्तमान में नेताओं एवं राजनीतिज्ञों की तिकड़ी के मोहजाल से बचने की हिमाकत की। इस मौके पर टीएचडीसी के अधिकारियों में अभिषेक गौड़, ईडी एलपी जोशी, एके घिल्डियाल, आरआर सेमवाल, एमके सिंह, डा एएन त्रिपाठी, आरडी ममगाई आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

अस्पताल रोड पर रेंग–रेंगकर चले वाहन

विकासनगर। अस्पताल रोड पर जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रोड पर दिनभर वाहन रेंगते रहते हैं। उधर, लोडर वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही और कार, दो पहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से स्थिति गंभीर बनी हुई है। शनिवार को करीब आधे घंटे तक जाम ने लोगों को बेहाल कर दिया। सरकारी अस्पताल, शिक्षा विभाग का ब्लॉक स्तरीय कार्यालय, टेलीफोन एक्सचेंज, नगर पालिका कार्यालय जैसे सभी कार्यालयों के लिए आने जाने के लिए अस्पताल रोड ही मुख्य मार्ग है।

मार्ग पर वाहनों की अधिक आवाजाही और कार, स्कूटर–मोटर साइकिलों की बेतरतीब पार्किंग से जाम की स्थिति बनी रहती है। शनिवार को दोपहर 12 बजे भी करीब आधा घंटा तक वाहन जाम में फंसे रहे।

महिला हिंसा एवं भेदभाव के उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

ऋषिकेश। राज्य महिला आयोग ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकार और हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने को जागरूक किया। शनिवार को यमकेश्वर ब्लॉक के बाल मैत्री शिशु संस्थान दिउली में महिला हिंसा एवं भेदभाव के उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाएं सशक्त हो रही है। आज महिलाएं समाज को नई दिशाएं देने का काम कर रही हैं। कहा कि महिलाओं को ध्यान देने की आवश्यकता है कि हमारे आसपास क्या घटित हो रहा है। सरकार

महिलाओं को अनेकों सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। वनस्टाप सेंटर पौड़ी की संचालक अमृता रावत व सीडीपीओ अंजू डबराल ने महिलाओं को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से महिलाएं अपने ऊपर हो रही हिंसा के विरुद्ध आवाज उठा सकती हैं और वे हर समस्या का सामना करते हुए अपनी बात वन स्टाप सेंटर, पुलिस चौकी या महिला आयोग तक पहुंचा सकती है।

एक नजर

मैराथन रन फॉर हैप्पीनेस का आयोजन किया

देहरादून। राजा राममोहन रॉय अकादमी की ओर से मैराथन रन फॉर हैप्पीनेस का आयोजन किया गया। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या भारती विश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर टर्नर रोड, क्लेमनटाउन झील होते हुए मैराथन गुजरी। कक्षा छह से 12वीं तक के पांच सौ छात्र–छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। कनिष्ठ वर्ग में विभोर प्रताप ने पहला, राघव सिंह बिष्ट ने दूसरा और अभिनव गोदियाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में प्रांजलचंद ने पहला, मानव त्यागी ने दूसरा और प्रत्यक्ष शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

देहदान के लिए किया जागरूक

देहरादून। दधीचि देहदान समिति की ओर से पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें देहदान, अंगदान, नेत्रदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम जानकारी दी गई। अध्यक्ष डॉक्टर मुकेश गोयल, महासचिव अधिवक्ता नीरज पांडेय, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा ने कहा कि देहदान, अंगदान से कई जिंदगी बचाई जा सकती है। नेत्रदान से लोगों को रोशनी दी जा सकती हैं। 40 लोगों का देहदान, अंगदान, नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा जा चुका हैं। कहा कि जागरूकता से ही जिंदगी बचाई जा सकती है। वर्ष में दो बार दधीचि यज्ञ आयोजित किया जाएगा। सर्टिफिकेट सभी को दिया जाता हैं, जिसमें मदद को नंबर उपलब्ध हैं। एम्स ऋषिकेश और दून मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा विज्ञान के काम शरीर आता हैं।

अवैध देवदार की लकड़ी भरा वाहन सीज

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग के नाड़ा रेंज की टीम ने दावांपुल के पास अवैध तरीके से देवदार की लकड़ी ले जा रहे वाहन को पकड़ कर सीज कर दिया। हालांकि, वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। सीज वाहन को लकड़ी समेत वन विभाग के डाकपत्थर स्थित कार्यालय परिसर में खड़ा किया गया है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने जताया अधिकारियों के लापरवाह रवैए को लेकर आक्रोश

विकासनगर। ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के लापरवाह रवैए को लेकर आक्रोश जताया। अधिकांश जन प्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारी आम जनता समेत निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते हैं, जिससे समय पर जनता की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है। ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मण मल्ल ने अधिकारियों पर लापरवाह रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पीठ से ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी जनता की बात नहीं सुनते। समस्याओं के समाधान के लिए जनता पंचायत के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के पास आती है, लेकिन अधिकारी जन प्रतिनिधियों की भी बात नहीं सुन रहे हैं, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। पृथ्वीपुर के प्रधान ने कहा कि उनकी पंचायत में लंबे समय से एक नलकूप लीकेज है। नहर के किनारे पर सुरक्षा दीवार और पुलिया निर्माण भी नहीं हुआ है। सभी मामले संबंधित अधिकारियों के सामने रखे गए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश सैनी ने कहा कि प्रतीतपुर, शाहपुर, कल्याणपुर में 11 केवी बिजली लाइन लोगों के घरों के ऊपर से गुजर रही है। कई जगहों पर तारें झूल रही हैं। बावजूद इसके ऊर्जा निगम अधिकारी मौन साधे हुए हैं। ऊर्जा निगम अधिकारी ग्रामीणों के फोन तक नहीं उठाते। इस दौरान ज्येष्ठ उप प्रमुख प्रवीण बंसल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेणू खान आलिम, बीडीओ आतिया परवेज, अधिशासी अभियंता पीएन राय, सीएमएस डॉ. विजय सिंह, बीईओ वीपी सिंह, कनिष्ठ अभियंता आलेंद्र कुमाईं, एसडीओ अश्वनी कुमार मौजूद रहे। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने बताया कि जामनखाता में पेयजल लाइन कई जगहों पर क्षतिग्रस्त है।

पार्सल का स्टेटस जान रही महिला से 1.24 लाख ठगे

देहरादून। बसंत विहार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से पार्सल का स्टेटस जानने के दौरान 1.24 लाख की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बसंत विहार के फेस–एक निवासी महिला शैली निगम ने तहरीर देकर बताया कि दिल्ली में काम करने वाली अपनी बेटी को उन्होंने डीटीडीसी केपरी सेंटर से पार्सल भेजा। कुरियर का स्टेटस जानने को उन्होंने गूगल से एक नंबर लिया। एक व्यक्ति ने उन्हें एक लिंक भेजा और दस रुपये उस पर मंगवाए। जैसे ही उन्होंने ऐसा किया उनके खाते से 50 हजार रुपये कट गए। बाद में उसने रुपये लौटाने की बात कही और एक मैसेज भेजने को कहा तो उनके पति के खाते से 74990 रुपये कट गए।

पॉलीथिन की बड़ी खेप पकड़ी, दो ट्रक सीज

देहरादून। दून में पॉलीथिन पर पाबंदी लगाने में नगर निगम और जिला प्रशासन कितने सक्रिय हैं, इसकी पोल बाहरी राज्यों से बेधड़क हो रही सप्लाई से खुल गई है।

स्टेट जीएसटी विभाग ने यूपी से ट्रांसपोर्टर के जरिये दून के सप्लायरों तक आ रही पॉलीथिन की भारी खेप पकड़ी है। दोनों ट्रकों को सीज कर करीब 3.5 टन पॉलीथिन जब्त कर ली गई है। मामले में ट्रांसपोर्टर पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ शहर के 17 कारोबारी के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। राज्य कर विभाग के अनुसार, सचल दल इकाई ने आशारोड़ी चेक पोस्ट पर चेकिंग करते हुए पॉलीथिन से लदे दो वाहन पकड़े। एक ट्रक में 3145 किलो पॉलीथिन मिली।

इसमें बाजार में सब्जी, राशन, दूध आदि के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित पॉलीथिन शामिल थी। माल सहारनपुर के पांच अलग–अलग सप्लायरों के यहां से गुरुनानक ट्रांसपोर्ट कंपनी के जरिये दून पहुंचाया जा रहा था। 105 नग में पैक ये पॉलीथिन दून के अलग–अलग स्थानों पर 10 थोक विक्रेताओं तक पहुंचाई जानी थी। जबकि दूसरे राजन ट्रांसपोर्ट के ट्रक में अन्य माल के साथ 275 किलो पॉलीथिन पकड़ी गई। इस तरह दोनों वाहनों में कुल 3420 किलो (34.2 कुंतल) पॉलीथिन पकड़ी गई।

सरकार की वाहन नीति के विरोध में आंदोलन की रणनीति बनाई

ऋषिकेश। परिवहन व्यवसायियों ने वाहनों की फिटनेस टेस्टिंग लेन से करवाने और 10 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विक्रम–टेंपो को सड़कों से हटाए जाने के विरोध में आंदोलन पर मंथन किया। 29 नवंबर को विक्रम–टेंपो महासंघ प्रदेश व्यापी चक्काजाम और विधानसभा का घेराव करेगा। बैठक में कहा गया कि इससे पहले परिवहन कारोबारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलेगा। शनिवार को आईएसबीटी ऋषिकेश परिसर स्थित एक होटल में परिवहन व्यवसायियों ने बैठक कर वाहनों के फिटनेस प्राइवेट टेस्टिंग लेन से करवाने और निर्धारित आयुसीमा पार करने वाले वाहनों को आउटऑफ रूट करने के फरमान का पुरजोर विरोध किया। उत्तराखंड परिवहन महासंघ के अध्यक्ष सुधीर राय ने कहा कि सरकार को इस तरह फरमान जारी करने से पहले परिवहन संस्था के प्रतिनिधियों से वार्ता करनी चाहिए थी।

बिना बातचीत इस तरह का निर्णय पूरी तरह से अव्यवहारिक है। सरकार ने अभी तक उत्तराखंड में किसी भी सीएनजी स्टेशन की स्थापना नहीं की है, जब तक यह व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक सरकार का निर्णय व्यवहारिक नहीं है। यातायात समिति अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने कहा कि हम टेस्टिंग लेन के विरोधी नहीं हैं, लेकिन हम यह चाहते हैं कि यह व्यवस्था सरकारी नियंत्रण में हो।

सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप हेतु उत्तराखंड की टीम चयनित

देहरादून। 72वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड की टीम का चयन कर लिया है।

टीम की कमान ओएनजीसी के उदय भान सिंह रावत को सौंपी गई है। उदयपुर राजस्थान में 27 नवम्बर से चार दिसम्बर तक सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होना है। ईस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद उत्तराखंड की टीम ने सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनदीप ग्रेवाल ने बताया कि परेड ग्राउंड व ओएनजीसी में 21 दिवसीय ट्रेनिंग कैम्प के बाद टीम चयनित की गई है। टीम को एसोसिएशन की तरफ से किट प्रदान की गई है। बताया कि टीम के हेड कोच दिनेश कुमार, असिस्टेंट कोच विशेष भृगुवंशी होंगे, जबकि राजकुमार दुबे को मैनेजर की जिम्मेदारी दी गई है।

धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। संविधान दिवस पर विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर संविधान का पालन करने का संकल्प लिया। शनिवार को श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश में संविधान दिवस पर भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर व्याख्यान एवं भारतीय लोकतंत्र का पर्व पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने किया। उन्होंने कहा कि सबको संविधान का पालन करना चाहिए। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गा कांत प्रसाद चौधरी ने कहा कि देश के सर्वोच्च कानून के रूप में संविधान नागरिक अधिकार, शासन व्यवस्था एवं सरकार की

शक्तियों को नियमित और नियंत्रित करता है। मौके पर प्रो. प्रशांत कुमार सिंह, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. अशोक कुमार मेंदोला, डॉ. प्रीति खंडूरी, डॉ. धीरेंद्र सिंह यादव, डॉ. सुनीति कुरियाल, निजाम आलम, सूरज कुमार मौर्य, सृष्टि आर्य, तन्मय, दीक्षा, साक्षी तिवारी, अभिषेक मिश्रा, दीपक, मनीषा, सिमरन अरोड़ा, अभय वर्मा, आयुष चौहान, अनीश पुनिया, प्रेरणा, रोहित सोनी, मीनाक्षी रावत, रोहित, स्वाति, सोनाक्षी, रश्मि, नीरज, अवनि, रीना, रिषिका, अदिति, प्रियांशु, आदर्श, अनुज पाल आदि उपस्थित रहे।

संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया

देहरादून। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र देहरादून एम0 टोलिया ने अवगत कराया है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में डी0 बी0 एस0 कालेज, देहरादून के सभागार में 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अथिति डॉ0 वी0सी0पाण्डे प्रचार्य डी0बी0एस0 कालेज के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कार कार्यक्रम का शुभआरम्भ किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत संविधान की कहानियॉ,मौलिक कर्तव्य और दायित्व,प्रश्नोत्तरी एवं वार्तालाप

गतिविधियों का आयोजन किया किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं नेहरू युवा क्लब के 75 युवाओ द्वारा प्रतिभाग लिया गया इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ विघुत बॉस द्वारा सविधान के मौलिक कर्तब्य और अधिकारो के बारे मे युवाओ को जानकारी दी गई डॉ शैली द्वारा प्रतिभागियो को पी0पी0टी0 के माध्यम से सविधान के बारे विस्तिरित जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ अनिल कुमार पाल,डॉ अराधना शर्मा द्वारा सविधान के बारे में युवाओ के सामाने अपने विचार रखे।और युवाओ द्वारा भी खुली चर्चा की गई बतौर मुख्य अथिति डॉ0 वी0सी0पाण्डे द्वारा युवाओं को सविधान दिवस पर डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बारे में जानकारी दी गई ।

एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी में हुआ 6वां दीक्षांत समारोह आयोजित

देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) सम विश्वविद्यालय में शनिवार को 6वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। इसके अलावा विभिन्न अवार्ड प्रदान किये गए। निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून भरत ज्योति ने बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को डिग्रियां प्रदान की। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी। कुलाधिपति

एफआरआई सम विश्वविद्यालय व महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आइसीएफआरआई) अरुण सिंह रावत ने कहा कि रिसर्च के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

छात्र संसद में शीतकालीन सत्र में उठी जन समस्याएं

ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई छात्र संसद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में आयोजित छात्र संसद के शीतकालीन सत्र में कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के साथ प्रतिभाग किया। देश की संसद के ही तर्ज पर यहां पर भी छात्र–छात्रा पक्ष एवं विपक्ष में बैठे और महिला आरक्षण विधेयक, बाल श्रम, रेलवे के आधुनिकरण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे।

देश के संसद के ही तर्ज पर यहां पर भी बच्चे पक्ष एवं विपक्ष में बैठे और कई महत्वपूर्ण विषयों पर जैसे महिला आरक्षण विधेयक, बाल श्रम, रेलवे के आधुनिकरण आदि विषयों पर विभिन्न प्रश्न पूछे तथा सरकार के प्रतिनिधि द्वारा उनके उत्तर दिए गए, फिर बिल में सुधार के उपरांत उनको पारित भी किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस प्रकार के और भी कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही ताकि बच्चों एवं युवाओं में संसद और विधानसभा में होने वाली कार्यवाही कि महत्ता का ज्ञान हो और आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा युवा राजनीति को भी अपना एक करियर के विकल्प के रूप में देखें।

इस अवसर पर ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल के मैनेजर सुभाष चंद्र चतुर्वेदी, कुमुद चतुर्वेदी, प्रिंसिपल रेखा गौर, मंजू उनियाल, मंजू कुकरेती, उत्तरा बिष्ट, कविता जोशी, दीक्षा सुंद्रियाल आदि उपस्थित थे।

ब्लूमिंग वेल में आयोजित छात्र संसद में भाग लेती विस अध्यक्ष।

मनमानी के खिलाफ बीडीसी बैठक का किया बहिष्कार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : प्रधान संघ द्वारा बैठक का बहिष्कार करने से कोरम पूरा न होने के कारण नैनीडांडा बीडीसी बैठक एक बार फिर से स्थगित हो गई। इससे पूर्व पिछली बीडीसी बैठक भी प्रधान संघ द्वारा बहिष्कार किए जाने से स्थगित करनी पड़ी थी।शनिवार को नैनीडांडा ब्लाक की बीडीसी का आयोजन किया गया था। बैठक शुरू होने से पहले ही प्रधान संघ ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि बीडीओ और ऑपरेटर की मनमानी के खिलाफ प्रधान संघ द्वारा बीडीसी का बहिष्कार किया गया है। प्रधान संघ ने मांग की है कि बीडीओ और ऑपरेटर का शीघ्र दूसरी जगह तबादला किया जाए। ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार का कहना है कि कोरम पूरा न होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई।

संविधान में निहित भावनाओं का सम्मान करें : डीएम

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान अधिकारियों/कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट में संविधान दिवस के अवसर पर अधिकारी व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें संविधान में निहित भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि सभी के लिए समान नागरिकता और स्वतंत्रता की व्यवस्था की गई है। वहीं जिला जज एवं विभिन्न कार्यालयों में संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा भी संविधान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजीत रावत, वैक्तिक सहायक दीपक नेगी, नाजिर मनोज रावत सहित सीमा, रश्मि, कुलदीप, शेखर पंवार उपस्थित थे।

एसडीएम ने सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करने की हिदायत दी

वाहन चालक से जानकारी लेते हुए परिवहन विभाग के कर्मचारी।

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उपजिलाधिकारी चौबट्टाखाल संदीप कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग व परिवहन विभाग द्वारा सतपुली में संयुक्त चैकिंग का अभियान चलाया गया।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 15 चालान किये गये, जिसमें सामान ओवर लोडिंग, क्षमता से अधिक यात्री, बिना परमिट, बिना टैक्स, बिना लाइसेंस, बिना सीट बेल्ट, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन चलाने पर चालान किए गए। इस दौरान उपजिलाधिकरी ने सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन करने की हिदायत भी दी। संयुक्त चेकिंग अभियान में परिवहन अधिकारी अभिलाष गैरोला सहित परिवहन विभाग व राजस्व विभाग से संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

आज के दौर में महिलाएं सबसे आगे

पौड़ी : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के दूसरे दिन ग्राम मल्ली आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकशाल ने महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं सबसे आगे हैं। कहा कि अन्य महिलाओं को हर क्षेत्र में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। जिससे वह अपना नाम ही नहीं पूरे राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे। वहीं महिला कल्याण अधिकारी प्रज्ञा नैथानी ने घरेलू हिंसा, सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटर लक्ष्मी रावत ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा सुपरवाइजर मनोरमा चौहान ने विभागीय योजना से संबंधित समस्याओं को सुनकर उन समस्याओं का निस्तारण किया। जिला समन्वयक मेहरूनिशा ने गौरा शक्ति एप महिलाओं के फोन में डाउनलोड कर उसकी जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को विभागीय पोस्टर व कैलेंडर वितरित किये गये। इस अवसर पर ग्राम प्रधान उर्मिला देवी, जिला समन्वयक बिना रावत, आशा कार्यकत्री ज्योति देवी, वार्ड सदस्य करिश्मा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

गोखले मार्ग में अव्यवस्थाओं का अंबार, वाहन की चपेट में आया बच्चा

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए वन–वे बनाया गया है गोखले मार्ग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भले ही यातायात पुलिस ने गोखले मार्ग को वन-वे के लिए खोला हो। लेकिन, मार्ग पर फैल अव्यवस्थाओं के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग किनारे नाली के बाहर अब भी फड वालों का ही कब्जा बना हुआ है। शुक्रवार सुबह एक बच्चा मार्ग से गुजर रहे वाहन की चपेट में आ गया।

शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने गोखले मार्ग को पहाड़ से आने वाले वाहनों के लिए वन-वे बनाया हुआ है। यातायात बेहतर चले इसके लिए पुलिस से मार्ग से रेहड़ी-ठेली तो हटा दी। लेकिन, फड़ वाले मार्ग से हटने का नाम नहीं ले रहे। पुलिस की चेतावनी के बाद भी सड़क किनारे नाली के बाहर फड़ लगी हुई हैं। ऐसे में कई बार मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। आमजन को जान जोखिम में डालकर मार्ग के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। शुक्रवार शाम स्वजनों के साथ जा रहे एक बच्चे के पैर पर वाहन की चपेट में आ गया। हालांकि बच्चे ने जूता पहना हुआ था और समय रहते वाहन चालक ने भी वाहन पर ब्रेक बार दिए थे। जिससे उसके पैर पर अधिक चोट नहीं आई। लेकिन, एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

मार्ग पर आए दिन इस तरह की अव्यवस्थाएं बनी रहती है। इसके बाद भी पुलिस व प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा।

गोखल मार्ग में वाहन की चपेट में आया बच्चा।

बहुउद्देशीय शिविरों के माध्मय से एक ही स्थान पर मिलती है सभी सुविधाएं : ऋतु

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विधानसभाग अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं से लाभाविंत करने, समय-समय पर ऐसे शिविर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित करने को कहा। ताकि लोगों को अपने छोटे-मोटे कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से जनपद मुख्यालय की दौड़ ना लगानी पड़े। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुउद्देशीय शिविरों के माध्मय से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न औपचारिक्ताओं को पूरा करने के लिए एक ही स्थान पर विभागीय अधिकारी और कार्मिक उपलब्ध होते हैं, जिससे लोगों को सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर समाज कल्याण के माध्यम से विभिन्न पेंशन का लाभ प्रदान करने के लिए मौके पर मेडिकल बोर्ड को भी आमंत्रित किया गया था। जिससे मौके पर ही दिव्यांगता की स्थिति का निर्धारण होने से अधिक लोगों को दिव्यांग पेंशन की परिधि में लाभ मिल पायेगा।

समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी हुई विभिन्न पेंशन योजनाओं के आवेदन भरे गये। मौके पर ही मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता का सत्यापन किया गया। साथ ही दिव्यांग पेंशन आवेदन भी भरवाये गये। मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में जनपद के बहुत से विभागों द्वारा लोगों को विभागीय योजनाओं से लाभाविंत किया। वहीं जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में सम्मलित किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के पास 150 से अधिक पेंशन से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए, जिनका परीक्षण करते हुए उस पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। बहुउद्देशीय शिविर में समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, जिला उद्योग केंद्र, श्रम विभाग, डेयरी, राजस्व विभाग, जिला सैनिक कल्याण विभाग, सेवायोजन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (शहरी-ग्रामीण), नगर निगम कोटद्वार, जिला निर्वाचन कार्यालय पौड़ी, बाल विकास विभाग, सहकारिता, पर्यटन, होम्योपैथी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, उद्यान विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं से लाभाविंत भी किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, अध्यक्ष मंडी परिषद कोटद्वार सुमन कोटनाला, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार उनियाल, प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत, सहित संबंधित अधिकारी, कार्मिक व आमजनमानस उपस्थित थे।

बहुउद्देशीय शिविर को संबोधित करते हुए विधानसभाग अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी।

अभियुक्त को 6 माह के लिए किया जिला बदर

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिले में गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने एक अभियुक्त को छः महीने के लिए जिला बदर किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में गुंडा एक्ट के तहत आगे भी कार्रवाई की जाएगी। डीएम डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिले के शाहरूख को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

जिला बदर किए गए अपराधी शाहरूख पुत्र मो. अतीक, निवासी स्टेडियम कॉलोनी, लकड़ी पड़ाव थाना कोटद्वार का समाज में भय व्याप्त है। जिसके चलते अपराधी को 6 माह के लिए जिला बदर किया है। उन्होंने जिला बदर की अवधि के दौरान अपराधी पर कड़ी नजर रखने व जिले की सीमा में प्रवेश न करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए है।

नौसीन, भैडगांव व पाली के लिए बनाई जाएं लिंक रोड

ग्रमा भैडगांव के ग्रामीणों ने यमकेश्वर विधायक को दिया ज्ञापन

यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट का स्वागत करते भैड़गांव की महिलाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम भैडगांव के ग्रामीणों ने नौसीन, भैडगांव व पाली गांव को जोड़ने के लिए लिंक रोड बनवाने की मांग की है। कहा कि ग्रामीण पिछले कई वर्षों से लिंक रोड बनवाने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को जंगली जानवरों सहित अन्य समस्याओं से भी अवगत करवाया।

शनिवार को यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट ने ग्राम भैड़गांव का दौरा किया। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व सैनिक दिवाकर लखेड़ा के नेतृत्व में विधायक को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि आठवीं के बाद आगे की शिक्षा के लिए नौसीन, भैड़गांव के बच्चों को पाली इंटर कालेज की दौड़ लगानी पड़ती है। गदेरे के बीच से होकर गुजर रहे उबड़–खाबड़ मार्ग पर हर समय जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। कहा कि तीनों गांव को जोड़ने के लिए एक लिंक रोड बनाई जानी चाहिए। वहीं, ग्रामीणों ने देवलखाल से बैरगांव, भैडगांव व सैलगांव के लिए बने कच्चे मार्ग के निर्माण पर भी सवाल खड़े किए। कहा कि मार्ग की चौड़ाई बहुत कम है, जिससे हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। साथ ही मार्ग जगह–जगह भूस्खल की चपेट में भी आ रहा है। बरसात के समय मार्ग से बहने वाला पानी नीचे गांव में पहुंच जाता है। जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

जीजीआईसी दुगड्डा की प्रधानाचार्य मिली नदारद, नोटिस जारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बिना अनुमति के स्कूल से नदारद पाए जाने के मामले में मुख्य शिक्षाधिकारी पौड़ी ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दुगड्डा की प्रधानाचार्य के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। इस मामले में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब देने के बाद ही वेतन पर लगी रोक को हटाया जाएगा।

मुख्य शिक्षाधिकारी पौड़ी डा. आनंद भारद्वाज ने बताया कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दुगड्डा का औचक निरीक्षण किया गया। जिस पर पाया गया कि प्रधानाचार्य अनीता रावत बिना अनुमति के ही अवकाश पर हैं। सीईओ ने बताया कि मुख्यालय (स्कूल) छोड़ने की अनुमति लिए बिना ही नदारद रहना गंभीर मामला है।

इस संबंध में दुगड्डा के खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि प्रधानाचार्य ने किसी तरह के अवकाश की कोई अनुमति नहीं ली है। जिस पर प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नवंबर के वेतन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई है। जब तक इस संबंध में संतोष जनक जवाब नहीं मिलता है तब तक वेतन पर रोक यथावत रहेगी।

डीएम बोले स्वरोजगार के आवेदनों को बेवजह न लटकाए

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में डीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर रोस्टरवार डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल शिक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, महिला कानून, सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। कहा कि वित्तीय साक्षरता में भीम ऐप, एटीएम उपयोग, पीओएस मशीन, ई-पेमेंट और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा और सावधानी के संबंध में भी जानकारी दी जाए। डीएम ने कहा कि स्वरोजगार के लिए आने वाले आवेदनों को बेवजह ना लटकाया जाए और अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

समिति की बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उपयोजना, होम स्टे योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री नैनो स्वरोजगार योजना, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली (वाहन-गैर वाहन मद) योजना जैसी योजनाओं में लक्ष्य के साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। डीएम ने मुख्य उद्यान अधिकारी को समूह के माध्यम से मशरूम प्रोडक्शन सेंटर तैयार करने भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इन योजनाओ का लाभ लोगो को दिए जाने को लेकर बैंक व संबंधित विभागो से 5 अधिकारियों का एक कोर ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। कहा कि यह कोर ग्रुप आवेदनों के त्वरित निस्तारण में सहयोग करेगा।

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 19 बैंको की 201 ब्रांचों द्वारा सितंबर माह तक सीडी रेस्यो में कुल 25.85 का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पाण्डे, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, डीडीएम नाबार्ड भूपेंद्र सिंह, कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य उद्यान अधिकारी डीके तिवारी आदि शामिल थे।

चुनाव में गड़बड़ियां होने का लगाया आरोप, 28 को करेंगे उग्र आंदोलन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में 17 नवंबर को हुए छात्र संघ चुनाव में गड़बड़ियों का संज्ञान न लेने पर अध्यक्ष सहित अन्य पदों के प्रत्याशियों ने 28 नवंबर को चौरास परसिर स्थित प्रेक्षागृह के बाहर विशाल आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस संदर्भ में कुलपति को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा छात्र संघ चुनाव में प्रतिभाग किया गया, चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना में आदर्श चुनाव संहिता का पालन नहीं किया गया। उन्होंने इस दौरान कई गड़बड़ियां होने का आरोप लगाया।

एबीवीपी से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन बल्लभ पंत व जय हो ग्रुप से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कैवल्य जखमोला ने कहा कि चुनाव के दौरान वीडियोग्राफी नहीं की गई। साथ ही मतगणना के उपरांत किसी भी अभिकर्ता के समक्ष मतपेटियों को सील नहीं किया गया और न ही अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लिए गए। चुनाव अधिकारी द्वारा दिए गए परिणाम भी उन्होंने अधूरे बताते हुए कहा कि अवैध मतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी जा रही जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। कहा इससे प्रतीत होता है कि चुनाव में धांधली हुई है। उन्होंने कुलपति से चुनाव समिति व ग्रीवांस कमेटी को मामला संज्ञान में लेने के निर्देश दिए जाने की मांग की। इस मौके पर चिराग बहुगुणा, दिव्या, अनुष्का, प्रियंका, दीपक चौधरी, पवन, दीपांशु, खुशी, दिव्या आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

प्राध्यापक व एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान

हल्द्वानी : एनसीसी दिवस के मौके पर एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान शिविर लगाया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह बनकोटी ने किया। गणित प्राध्यापक डॉ. नरेंद्र सिंह सिजवाली ने रक्त दान कर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। 78 यूके एनसीसी बटालियन, 24 महिला बटालियन एवं उत्तराखंड एयर विंग के एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। एयर विंगके फ्लाइट लेफ्टिनेंट डॉ. अमित सचदेवा, 24 गर्ल्स बटालियन की लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा, 78 यू के एनसीसी बटालियन के लेफ्टिनेंट डॉ. विनय चंद्र जोशी के साथ-साथ 78 यूके एनसीसी बटालियन के कर्मचारी, अधिकारी, महाविद्यालय के कर्मचारियों और प्राध्यापकों ने भी रक्तदान शिविर में सहयोग किया। (एजेंसी)

साइबर ठग ने युवक से ठगे दो लाख

हल्द्वानी : कठघरिया के फतेहपुर निवासी भुवन चंद्र तिवारी ने मुखानी थाने में तहरीर दी है। कहना है कि 18 अक्तूबर दोपहर को उनके नंबर पर अंजान महिला ने फोन किया। बातों-बातों में महिला ने उसे अपने झांसे में ले लिया। महिला की बातों में आकर उन्होंने बैंक संबंधी जानकारी शेयर कर दी। इसके कुछ समय बाद उनके मोबाइल में क्रेडिट कार्ड से 1.98 लाख रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। रुपये निकाले जाने की सूचना उन्होंने तत्काल बैंक को दी और खाता बंद कराया। बैंक अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई तो उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने की सलाह दी। उन्होंने पुलिस से अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ठगी गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। (एजेंसी)

द्वाराहाट में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

अल्मोड़ा। ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। राजकीय इंटर कॉलेज बटुलिया, जीजीआईसी, जूनियर हाईस्कूल महतगांव आदि विद्यालयों में भाषण, सुलेख, वाचन, संविधान प्रस्तावना लेखन, निबंध आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें जीजीआईसी में पलक अधिकारी,बबीता नेगी,गायत्री रौतेला महतगांव में नवीन, करन, वैष्णवी, गरिमा, प्रियांशु, पियूष, नवल, गणेश क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संविधान के अंतर्गत निहित मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बटुलिया में जमुना प्रसाद तिवारी,गोकुल राणा संतोष पांडे, प्रधानाचार्या जीजीआईसी तनुजा जोशी, सुनीता त्रिपाठी हेमा त्रिपाठी मनीषा प्रेमा जोशी, महतगांव में प्रधानाध्यापक ध्यान सिंह रौतेला, पंकज पंत, चंदन बोरा, दीपक पाण्डेय, गोविंद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर बाबा साहेब आंबेडकर को किया याद

हल्द्वानी : संविधान दिवस के मौके पर शनिवार को स्वराज आश्रम में कांग्रेस की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय संविधान और उसके निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को याद किया गया। गोष्ठी में सबसे पहले प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, प्रदेश महासचिव महेश शर्मा, पीसीसी सदस्य हरीश मेहता, प्रदेश सचिव प्रकाश पांडे, एनबी गुणवंत, पूर्व मंत्री हाजी सोहेल सिद्दीकी ने कहा कि संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा में संविधान को अपनाया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। प्रदेश महासचिव वरुण भाकुनी, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इंद्रपाल आर्य, गोविंद सिंह बगड्वाल, गिरीश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, मुकुल बल्यूटिया, संदीप भैसोड़ा, प्रदीप नेगी ने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति, टाइप या मुद्रित नहीं थी। संविधान की असल कॉपी प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने अपने हाथ से लिखी थी। बेहतरीन कैलीग्राफी के जरिए इटैलिक अक्षरों में लिखे गए संविधान के हर पन्ने को शांति निकेतन के कलाकारों ने सजाया था। गोष्ठी में मुख्य रूप से संजय उप्रेती, कमला तिवारी, पुष्पा तिवारी, भानु पडलिया, गिरीश उपाध्याय, त्रिलोक कठायत, जाकिर हुसैन, शेरदिल, ताहिर हुसैन, रमेश कोठारी, महानगर उपाध्यक्ष सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी : वनभूलपुरा पुलिस ने स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार रात रेलवे बैरियर के पास आवाजाही करने वालों की तलाशी ली। इस दौरान नदीम निवासी गफूर बस्ती के पास से 8.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी छह मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

जन सेवा एकता कमेटी ने 153 छात्राओं को बांटे स्वेटर

हल्द्वानी : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज वनभूलपुरा में पीटीए अध्यक्ष सलीम खान के आह्वान पर जन सेवा एकता कमेटी की ओर से 153 जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। मुख्य अतिथि एसपी सिटी हरबंश सिंह ने कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए। किसी तरह की दिक्कत होने पर उत्तराखंड पुलिस मोबाइल एप की भी मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डॉ. यास्मीन शबाना ने किया। विशिष्ट अतिथि एसओ वनभूलपुरा नीरज भाकुनी ने कमेटी के प्रयास को सराहनीय बताते हुए इससे प्रेरणा लेने की अपील की। जन सेवा एकता कमेटी के अध्यक्ष अलीम खान ने बताया कि कमेटी 3 साल से जरूरतमंद बच्चों की मदद करती आ रही है। कमेटी उपाध्यक्ष मोहम्मद अनवर उर्फ मुन्नू, प्रधानाचार्य सविता श्रीवास्तव, नफीस अहमद खान ने भी अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य के आह्वान पर उन्होंने उर्दू शिक्षक की व्यवस्था भी की, जिसका वेतन वे खुद वहन करते हैं।

जन सेवा एकता कमेटी के सचिव अजीम खान, उप सचिव नबी अहमद, कोषाध्यक्ष अनीस अहमद, संगठन सचिव अहमद अली, प्रधानाचार्य सविता श्रीवास्तव, एसआई मनोज यादव आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

बहुउद्देश्यीय शिविर में लोगों के बनाए गये प्रमाण पत्र

पिथौरागढ़। विकासखंड सभागार में समाज कल्याण विभाग ने बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख विनीता बाफिला ने किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

शनिवार को विकासखंड परिसर में आयोजित शिविर में दूर दराज से ग्रामीण पहुंचे। जिसमें वृद्धावस्था के 72,विधवा 22,दिव्यांग 15 प्रमाण पत्र बनाए गये। इस दौरान शादी पंजीकरण के 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 22 लोगों को परिवार रजीस्टर की नकल, 4 को जन्म प्रमाण पत्र व 2 को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गये। इस दौरान शिविर में 33 दिव्यांग जनों का का पंजीकरण किया गया। इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 36लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में समाज कल्याण,पशुपालन, स्वास्थ्य , ग्राम्य विकास, बाल विकास, उद्यान विभाग ने स्टाल लगाये । इस दौरान डाक विभाग द्वारा खाते खोले गए । पशुपालन विभाग ने पशुपालकों को दवा का वितरण किया । उद्यान विभाग ने कीट नाश-ाक दवा का वितरण किया।

ये रहे मौजूदः डॉ. कैलास बृजवाल,डॉ. देवेश टम्टा,खंड विकास अधिकारी विनोद प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य नंदन बाफिला, विधायक प्रतिनिधि चारुचंद्र पंत, हुकम सिंह बोरा,भगवती प्रसाद पाठक,संतोष पंत, कुलदीप बोहरा,मनोज बनकोटी आदि।

लापता किशोरी को परिजनों के सुपुर्द किया

पिथौरागढ़। बेरीनाग में लापता किशोरी को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। पुलिस के मुताबिक बीते गुरुवार को दौलागाढ़ निवासी एक 14 साल की किशोरी स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन देर शाम तक भी वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। थानाध्यक्ष हेम चंद्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने तहरीर के दो घंटे के भीतर ही लापता किशोरी को खोज निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

कूल्हा स्टेडियम में नमो ऐप कार्यशाला का आयोजन

रुद्रपुर। उत्तराखंड में पहली नमो ऐप कार्यशाला गदरपुर विधान सभा के अंतर्गत कूल्हा स्टेडियम में आयोजित की गयी। यहां विधायक अरविंद पांडे ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से भारत के निर्माण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सत्यापित, त्वरित जानकारी के लिए नमो ऐप से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय से नमो ऐप की केंद्रीय टीम के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। शनिवार को आयोजित नमो ऐप कार्यशाला में केंद्रीय टीम के प्रमुख शैलेंद्र पांडे ने कहा कि नमो ऐप के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे जुड़ सकते हैं। आज के दौर में देश में प्रत्येक नागरिक डिजिटल इंडिया का लाभ प्राप्त कर रहा है। जीवन प्रमाण पत्र के माध्यम से घर बैठे पेंशन नवीनीकरण, अस्पताल में पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही जन औषधि केंद्र से सस्ती दवाइयां खरीदना आसान हुआ है। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि यह सब कुछ प्रधानमंत्री की सोच के कारण संभव हुआ है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को नरेंद्र मोदी एप प्रशस्ति पत्र दिए गए।

कांग्रेसियों ने गन्ना ढुलाई और पर्ची में देरी होने पर जताया रोष

रुद्रपुर। तौल सेंटर में ट्रांसपोर्ट की दिक्कत और गन्ने की पर्ची देरी से मिलने की समस्याओं पर कांग्रेसी नेताओं ने रोष जताया है। समस्या का निदान के लिए शनिवार को पूर्व दर्जा मंत्री और कांग्रेसी नेता डा. गणेश उपाध्याय चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया से मिले। मर्तोलिया ने समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया।उपाध्याय ने बताया कि तौल सेंटर पर ट्रांसपोर्ट की कमी की वजह से गन्ने की ढुलाई नहीं हो पा रहा है। गन्ना पर्ची देर से मिलने पर किसानों को दिक्कत हो रही है। पर्ची नहीं होने से किसानों का गन्ना तौल सेंटरों पर ही सूख रहा है।

जिला जेल निर्माण के विरोध में महिलाओं ने किया प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

चम्पावत। छमनियां लोहाघाट में जिला जेल बनाने के विरोध में अब महिलाएं भी उतर गई हैं। महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। चेतावनी दी कि विरोध के बावजूद जेल निर्माण की कवायद हुई तो वह लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। शनिवार को सुंई गांव निवासी देवकी ओली के नेतृत्व में महिलाओं ने कहा कि छमनियां एक पर्यटक स्थल है। इस जगह का फिल्म सिटी के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव के पास जिला जेल बनाने का कोई औचित्य नहीं है। महिलाओं ने बताया कि प्रशासन ने जिस स्थान पर जिला जेल के लिए भूमि देखी है। उसके पास राजीव नवोदय विद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थान, केंद्रीय विद्यालय, जीआईसी सुंई, राप्रावि पऊ आदर्श कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पऊ आदि हैं। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशासन उक्त स्थान पर जिला जेल का निर्माण करेगा तो महिलाएं सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे। यहां मुन्नी खर्कवाल, जानकी चतुर्वेदी, विमला देवी, पार्वती देवी, हीरा देवी,नीमा ओली, बसंती देवी, शांति पांडेय, बसंती पांडेय आदि मौजूद रहीं।

परचून की दुकान में आग लगने से सामान जला

रुद्रपुर। परचून की दुकान में आग लगने से सामान जल गया। दुकानदार ने प्रशासन को ढाई लाख का नुकसान होने की जानकारी दी है। अमृतनगर नंबर दो गांव में बृजेंद्र मंडल की परचून की दुकान है। शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे ग्रामीणों ने दुकान से आग की लपटें निकलती देखीं। लोगों ने इसकी सूचना दुकान मालिक को दी। जब तक बृजेंद्र मौके पर पहुंचते, आग फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दुकान के भीतर रखा फ्रीजर, फ्रिज, एलसीडी के साथ सारा फर्नीचर व सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर शनिवार को हल्का पटवारी मुकेश कुमार ने मौका मुआयना कर क्षति का आकलन किया। माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट के चलते दुकान में आग लगी होगी।

कबाड़ बीनने वालों को जागरूक किया

चम्पावत। लोहाघाट पुलिस ने नगर में कबाड़ का काम करने वालों के साथ बैठक की। बैठक में उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को एसओ मनीष खत्री ने बैठक में कबाड़ का काम करने वाले मजदूरों को अनिवार्य रूप से सत्यापन कराने को कहा। कहा कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध, अनजान व्यक्ति के दुकान पर सामाग्री इत्यादि बेचने के लिए आने वालों से सामाग्री को न खरीदकर तत्काल उसकी सूचना पुलिस को देने की सलाह दी। कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यहां एसआई हरीश प्रसाद, एसआई कुंदन सिंह बोहरा, रहीश अहमद, इरसाद अहमद, अरमान, साकिर अली, रहीश अहमद रहे।

बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर किया चिकित्सा अधीक्षक का घेराव

चम्पावत।उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों और लोगों ने चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) का घेराव कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर जल्द स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो वह लोग व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

शनिवार को नगर पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में लोगों ने अस्पताल में डॉक्टर्स की कमी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने प्रदर्शन के बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जुनैद कमर का घेराव किया। कहा कि अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। आरोप लगाया कि अस्पताल रेफर सेंटर बन चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गरीब जनता बाहर के अस्पतालों के धक्के खाने को मजबूर है। अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जन और फिजीशियन के पद वर्षों से रिक्त पड़े हुए हैं।

कहा कि अस्पताल में उपकरणों की कमी के चलते डॉक्टर इस्तीफा देकर जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और सरकार से कई बार चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी पूरी करने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

ढ़ोल—नगाड़ों के साथ हुआ सचिन का स्वागत

चम्पावत। रजत पदक जीतने के बाद पहली बार टनकपुर पहुंचने पर खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने बोरागोठ निवासी सचिन सिंह बोहरा का ढ़ोल–नगाड़ों के साथ स्वागत किया। शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा, जिला एथलेटिक्स के संघ के जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव, सह सचिव धनंजय गुप्ता, बॉक्सिंग कोच ललित सिंह कुंवर, सह सचिव धनंजय गुप्ता, बॉक्सिंग कोच ललित सिंह कुंवर, सचिन की माता मंजू देवी और पिता हिम्मत बोहरा ने शॉल ओढ़ाकर सचिन का स्वागत किया। सचिन ने गुवाहाटी, असम में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत आयोजित 37 जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर–20 पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय वॉक रेस में प्रतिभाग किया था। जिसमें वह दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक हासिल करने में कामयाब हुए। यहां जानकी महर, रेनू धोनी, अनीता, प्रहलाद सिंह, संजय पाठक, रेखा देवी, अमन ठाकुर, सुदंर सिंह, अनीता देवी रहीं।

जूस पिलाकर जनप्रतिनिधि का अनशन समाप्त कराया

रुद्रपुर। पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुज पाठक को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। बीते शुक्रवार को कोठा नारायणपुर क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुज पाठक आइडिया कॉलोनी गेट पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एनएचएआई के अधिशासी अभियंता निशांत त्रिपाठी को मौके पर बुलाकर तत्काल कार्य शुरू करने की मांग की। त्रिपाठी ने राजेश शुक्ला और अनुज पाठक को विश्वास दिलाया कि पुलिया निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा कर दिया जाएगा।

नगरपालिका के निर्णय से व्यापारियों में आक्रोश

पिथौरागढ़। अग्निकांड में अपनी दुकानें गवां चुके व्यापारियों पर अब सरकारी नियमों की मार पड़ी है। नगरपालिका ने दुकान निर्माण पर रोक लगा दी है। कहा कि जब तक घटना की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, उक्त स्थान पर दुकानों का संचालन नहीं होगा। नगरपालिका के इस निर्णय के बाद व्यापारियों में आक्रोश है।

नगर के गांधी चौक बाजार में सोमवार रात आग से 14 दुकानें जलकर राख हो गई थी। इससे व्यापारी सड़क पर आ गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि वे फिर से अपने जीवन को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी मंशा पर सरकारी तंत्र ने नियमों की बेड़ी लगा दी है। मंजू, आजम, मदन सिंह बुदियाल का कहना है कि दुकान से ही उनके परिवार का गुजारा होता है। बीते दिनों हुए हादसे के बाद उन पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में वे अब फिर से दुकान संचालित करना चाहते हैं। परंतु प्रशासन का कहना है कि जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक दुकानों का निर्माण नहीं किया जाएगा। नगरपालिका ने इसके लिए नोटिस भी चस्पा कर दिए हैं। प्रशासन ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए हैं। गांधी चौक बाजार में हुए अग्निकांड की मजिस्ट्रेट जांच होनी है। जांच रिपोर्ट आने तक उक्त स्थान पर निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है। – पीएस बोहरा, ईओ नगरपालिका धारचूला।

सफाई कर्मियों ने आंदोलन जारी रखने का किया ऐलान

हल्द्वानी : 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हल्द्वानी नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल शनिवार को जारी रही। कर्मियों ने निगम परिसर में धरना दिया। वहीं मेयर की अध्यक्षता में संयुक्त मोर्चा के शिष्टमंडल की बैठक भी हुई। लेकिन वार्ता में कोई समाधान नहीं निकला। निगम प्रशासन ने वेतन बढ़ाने पर असमर्थता जताई है। ऐसे में कर्मियों ने आंदोलन जारी रखने का ऐलान कर दिया है। साथ ही आंदोलन को उग्र करने की बात कही है। (एजेंसी)

उच्च न्यायालय गैरसैंण अथवा कालागढ़ में शिफ्ट करने की मांग की

उच्च न्यायालय की गढ़वाल में एक अतिरिक्त बेंच खोली जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड उच्च न्यायालय को नैनीताल से हल्द्वानी स्थानांतरित किये जाने के विरोध मे उत्तराखंड विधि कांग्रेस ने महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। अधिवक्ताओं ने गैरसैण अथवा कालागढ़ में उच्च न्यायालय स्थापना की मांग के साथ-साथ गढ़वाल में एक अतिरिक्त बेंच खोलने की मांग की है।

पूर्व राज्यमंत्री व एडवोकेट जसबीर राणा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार विकास अवस्थी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तराखंड को ज्ञापन प्रेषित किया। जसबीर राणा ने कहा कि हल्द्वानी में उच्च न्यायालय की स्थापना से अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को कोई विशेष फायदा नहीं होगा। क्योंकि सुदूर उत्तरकाशी, चमोली, हरिद्वार वाले अधिवक्ता एवं वादकारियों को समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की स्थापना पर्वतीय क्षेत्रों के विकास की अवधारणा को लेकर की गई थी। इसलिए महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना भी पर्वतीय क्षेत्र में गढवाल एवं कुमाऊ मंडल के मध्य में होनी चाहिए।

जिससे दोनों मंडलों के अधिवक्ताओं एवं वादकारियो को समान अवसर प्राप्त हो सके। ज्ञापन देने वालो में पूर्व राज्य मंत्री एडवोकेट जसबीर राणा, विधि कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनिल खंतवाल, सचिव अनुज भट्ट, एडवोकेट नीलम रावत, विधि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशुतोष कंडवाल, महानगर अध्यक्ष रजनीश रावत, सोहन सिंह, रतन नेगी, हुकुम सिंह, सागर बिष्ट आदि उपस्थित थे।

तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए उत्तराखंड विधि कांग्रेस के पदाधिकारी।

अपात्र राशन कार्डों का सत्यापन कराया जाए

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा नेता एवं आरटीई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने नगर क्षेत्र में अपात्र राशन कार्डों का सत्यापन कराए जाने व पूर्ति कार्यालय श्रीनगर में जमा राशन कार्डों को उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में डीएम पौड़ी को भेजे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि श्रीनगर नगन निगम क्षेत्र में अपात्र लोगों एवं कम आय प्रमाण पत्र के आधार पर बनाए गए राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन करें। कहा इनके स्थान पर पात्र लोगों के राशनकार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि पूर्ति कार्यालय में पुराने राशन कार्ड जमा कराए गए हैं। उन सभी राशनकार्डों को कार्डधारकों को उपलब्ध कराया जाए। जिससे कार्डधारक अन्य केंद्रों पर राशन ले सकें। उन्होंने राशन कार्ड धारकों को नजदीकी वितरण केंद्रों में समायोजित कराए जाने व राशन कार्डों को वार्ड के अनुसार स्थानांतरित कराए जाने की मांग भी की। (एजेंसी)

मानव एवं प्रकृति के सकारात्मक समायोजन पर जोर दिया

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग में संचालित एपीएन (जापान) द्वारा वित्त पोषित शोध परियोजना के अंतर्गत चौरास स्थित एकेडमिक एक्टिविटी सेंटर में परंपरागत ज्ञान द्वारा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रोकने एवं इसको अनुकूलन बनाने पर कार्यशाला आयोजित की गई।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने वर्तमान में जलवायु परिवर्तन एवं इसके विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। साथ ही जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए परंपरागत पद्धतियों एवं ज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। अति विशिष्ट अतिथि प्रो. सीएम शर्मा ने जलवायु परिवर्तन एवं उसके दूरगामी दुष्परिणाम बताते हुए वर्तमान समय में मानव एवं प्रकृति के सकारात्मक समायोजन पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. एके डोबरियाल ने पारिस्थिकी सेवाओं एवम स्थानीय परम्परागत ज्ञान का चिकित्सा में प्रयोग पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक व विभागाध्यक्ष वानिकी प्रो. आरसी सुंदरियाल ने भारत में जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी नीतियों की प्रासंगिकता व चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला संयोजक प्रो. आरके मैखुरी ने परियोजना के उद्देश्ययों एवं शोध परियोजना में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने परम्परागत ज्ञान के रूप में हिमालयी क्षेत्रों में अपनायी जा रही कृषि पद्धतियों एवं चिकित्सा ज्ञान को वर्तमान परिदृश्य के लिए उपयोगी माना। कार्यशाला में वरिष्ठ भू वैज्ञानिक प्रो. एचसी नैनवाल, प्रो. जेएस चौहान, डॉ. विजय कांत पुरोहित, डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट, डॉ. चण्डी प्रसाद, रविंद्र सिंह रावत, हरेंद्र रावत आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. विधु गुप्ता द्वारा किया गया। (एजेंसी)

नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग उठाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहरवासियों ने जिले में अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल से की। शहरवासियों का कहना है कि जिले में तेजी से नशा बढ़ रहा है। उन्होंने एसएसपी से जिले में अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि जिले में बेखौफ नशे का कारोबार चल रहा है। चेक पोस्ट होते हुए नशा दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। शनिवार को हिमालय बचाओ आंदोलन की सदस्य पूनम कैंतूरा, वार्ड सदस्य अनीता रावत, यशोदा नेगी, मीनाक्षी रावत ने एसएसपी से मुलाकात करते हुए कहा कि जिले में अवैध नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है। जिससे हमारी भावी पीढ़ी इसकी चपेट में आकर गर्त में जा रही है। कहा कि आज घर-घर में नशा पहुंच चुका है। स्कूल-कॉलेज में बालकों के साथ ही बालिकाएं भी नशे की चपेट में आ रही है।

एकेश्वर ब्लॉक का बेटा अभिनव नौसेना में बना अफसर

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : केरल के इजीमाला स्थित नेवल अकादमी में पासिंग आउट परेड के बाद पौड़ी जिले के एकेश्वर ब्लॉक के चमाली गांव का लाल अभिनव नौसेना की मुख्यधारा में शामिल हो गया। अभिनव रावत ने शनिवार को नौसेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट के तौर पर कमीशन हासिल किया। अभिनव की पीपिंग सेरमनी में उसके पिता मातवर सिंह रावत और मां लक्ष्मी रावत भी मौजूद रही। गौरतलब है कि चमाली गांव वीर योद्धाओं का गांव है। देश सेवा यहां की परम्परा है। इस गांव के हर परिवार से कोई न कोई सदस्य सेना में है। गांव के हवलदार बुद्धिसिंह रावत और हवलदार झगड़ सिंह रावत स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। गांव में दो पूर्व कर्नल और दर्जन भर से भी अधिक पूर्व जेसीओ हैं। कारगिल युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले लांसनायक बलवीर सिंह नेगी भी इसी गांव के हैं।अभिनव पौड़ी जिले के एकेश्वर ब्लाक के चमाली गांव का निवासी है।

सेकेंड लेफ्टिनेंट अभिनव रावत ने कहा कि वह उत्तराखंड की देशसेवा और कर्तव्यपरायणता की समृद्ध और गौरवशाली परम्परा से प्रभावित था, इसलिए सेना को प्राथमिकता दी। उसकी इस उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। अभिनव के दादा भोपाल सिंह रावत और दादी दूरा देवी गांव में ही रहते हैं। दादा भोपाल सिंह रावत ने कहा कि पोते की इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। 22 वर्षीय सेकेंड लेफ्टिनेंट अभिनव रावत ने 2018 में इंद्रापुरम गाजियाबाद के कैंब्रिज स्कूल से 12वीं करने के बाद नेवल अकादमी के लिए आवेदन किया और पहली बार में ही सर्विस सलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) क्लियर कर दिया। अभिनव का सलेक्शन आईआईटी के लिए भी हुआ था। लेकिन उसने देशसेवा को प्राथमिकता दी। अभिनव के पिता मातबर सिंह रावत दिल्ली की एक कंपनी में सीनियर मैनेजर हैं। अभिनव ने पहले से ही तय किया था कि, वह सेना में जाएगा। उसकी इस उपलब्धि पर पूरे परिवार को गर्व है।

डीएम ने अधिकारियों/कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शनिवार को कलैक्ट्रेट में अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

देवप्रयाग झूला पुल पर नहीं होगी पैदल आवाजाही

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी-टिहरी जिलों के लिए पैदल आवाजाही वाला देवप्रयाग झूला पुल बेहद जर्जर हो गया। शनिवार को संयुक्त निरीक्षण के बाद अफसरों ने बताया कि इस पर अब पैदल आवाजाही भी नहीं की जा सकती। कभी इस पुल से दो पहिया वाहनों की भी आवाजाही होती थी, लेकिन इन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इस पुल से होकर देवप्रयाग बाह बाजार व देवप्रयाग के लिए अभी पैदल आवाजाही हो रही है।

शनिवार को पुल का लोनिवि अफसरों के साथ निरीक्षण करने के बाद पौड़ी के एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि अब इस झूला पुल पर पैदल आवाजाही भी रोकने की संस्तुति की जा रही है। बताया कि पुल के दोनों ओर के एंकर रोप (पुल को ऊपर से रोकने वाली तारों की मोटी रस्सी) भी घुमाई भी खुल रही है।

भाषण में तनीषा रावत, क्विज में परमेश्वर प्रताप ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नेहरू युवा केन्द्र पौड़ी (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं बी गोपाल रेड्डी संघटक महाविद्यालय परिसर पौड़ी की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई पौड़ी के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर कला संकाय के सेमिनार हॉल आयोजित कार्यक्रम में संविधान की शपथ ली गई। इस मौक पर मौलिक कर्तव्यों विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में तनीषा रावत प्रथम, श्वेता तिवारी द्वितीय, विपिन तृतीय रहे। संविधान सम्बन्धी विषयों पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में परमेश्वर प्रताप प्रथम, आँचल द्वितीय, यशवर्धन नेगी तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के संविधान की प्रस्तावना की शपथ के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभागध्यक्ष डॉ. राकेश काला ने संविधान दिवस पर मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों की मांग करने से पहले अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि प्रो. अनूप पाण्डेय, विभागाध्यक्ष कॉमर्स ने संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न देशों के संविधान का अध्ययन किया तथा सभी के संविधान के अच्छे पहलूओं को भारत के संविधान में सम्मिलित किया। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने मतदाता जागरुकता के प्रति युवाओं को जागरुक किया।

उन्होंने युवाओं को बताया कि जनवरी, 2023 में 18 वर्ष पूर्ण करने या पूर्ण कर चुके युवा मतदाता निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाकर देश के जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। कार्यक्रम का संचालन अंजना बिष्ट, लेखा कार्यक्रम एवं पर्यवेक्षक एवं लवकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ. रेहाना जैदी, डॉ. बिन्दु यादव, डॉ. जया उनियाल, डॉ. बालक राम रघुवंशी, कविता पंवार, वर्षा नेगी, मुकुल कुमार, अमन नयाल, हरिओम ध्यानी, अमित बड्थ्वाल, अर्पिका रावत आदि उपस्थित रहें।

प्रतियोगिता के मेधावी छात्र को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाएं हो रही जागरूक और सशक्त : कंडवाल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस एवं 10 दिसम्बर अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महिला हिंसा एवं भेदभाव के उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड यमकेश्वर के बाल मैत्री शिशु संस्थान, मलेल गांव, दिउली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं तथा समाज को नई दिशाएं देने का काम कर रही हैं। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के बुनियादी मानवाधिकार, महिलाओं के प्रति सम्मान, महिला उत्पीड़न व हिंसा के रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। महिला आयोग की अध्यक्षा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाएं जागरूक तथा सशक्त हो रही हैं। महिलाएं समाज को नई दिशाएं देने का काम कर रही हैं, ये हमारा सौभाग्य है। कहा कि सरकार आज हमें अनेको सुविधाएं उपलब्ध करा रही है तथा हमें आवश्यकता है तो केवल जागरूकता के साथ उनकी जानकारी की। इस मौके पर महिला उत्पीडन रोकथाम हेतु उन्हें वनस्टाप सेन्टर पौड़ी संचालक अमृता रावत व सीडीपीओ अंजू डबराल द्वारा कानूनी जानकारी दी गयी। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को किस प्रकार से महिलाएं अपने ऊपर हो रही हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाये और किस प्रकार से उन्हें हर समस्या का सामना करते हुए अपनी बात वन स्टाप सेंटर, पुलिस चौकी या महिला आयोग तक पहुंचाने हेतु उसकी जानकारी भी दी। कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों व जनसमुदाय को शामिल कर विकासखण्ड व ग्राम स्तर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की जानकारी हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋषि कुमार ने किया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार किशोर रौतेला, ब्लाक प्रमुख आशा भट्ट, ग्राम प्रधान उर्मिला पयाल, नीलकंठ चौकी इन्चार्ज प्रताप सिंह, एडीओ कुलदीप पंवार सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व विभिन्न गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

घुड़दौड़ी कालेज में लिखा विवादित नारा, मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जीबीपंत इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान घुड़दौड़ी विवादों के चलते एक बार फिर सुर्खियों में है। कालेज परिसर के अंदर सांप्रदायिक माहौल खराब करने का मामला सामने आया है। यहां कालेज परिसर के एक कमरे के बाहर एक विवादित धार्मिक नारा लिखा गया है। इस पर विश्व हिन्दू परिषद ने कड़ी आपत्ति जताई है। विष्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने इस संबंध में डीएम और एसएसपी से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी पौड़ी ने भी मामले को गंभीरता से लेकर कड़ी का-र्रवाई करने को कहा है। जीबीपंत इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में शरारती तत्वों द्वारा परिसर के ही एक कमरे के बाहर आपत्तिजनक धार्मिक नारा लिख दिए जाने के बाद कालेज प्रशासन सकते में आ गया है। कालेज परिसर में कमरे के बाद इस तरह का विवादित नारा लिखे जाने से सवाल उठ रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने इस तरह की हरकत पर कड़ी आपत्ति जताई है। परिषद ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

रात्रि में ब्लास्ट करने की सूचना तहसीलदार और स्थानीय लोगों को दें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के निर्माण कार्यों का शनिवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रेल परियोजना एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रेल परियोजना एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से कहा कि रात्रि में यदि जो भी ब्लास्ट किया जाता है तो उसके संबंध में स्थानीय लोगों को पहले ही इसकी सूचना दी जाए। उन्होंने तहसीलदार को भी इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा ताकि इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों को जानकारी दी जा सके। उन्होंने डंपिंग जोन बनाए जाने के लिए तहसीलदार को उचित स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रेल परियोजना नरकोटा से खांकरा तक गतिमान टनल निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रेल परियोजना के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रेल परियोजना के निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि रेल परियोजना के गतिमान कार्यों से स्थानीय जनता को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो एवं किसी की कोई समस्या हो तो उसका यथाशीघ्र निराकरण किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा टनल में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने रेल परियोजना निर्माण कार्य में आ रही किसी भी समस्या एवं परेशानी से भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी भी मांगी। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के मैनेजर बी.पी. गैरोला ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक 9 पैच पर निर्माण कार्य गतिमान है,

पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र ने किया शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

शूटिंग प्रतियोगिता को बताया खेल का अहम हिस्सा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी के श्रीनगर में स्थित केदार फायरिंग रेंज (एसएसबी) में 18वीं प्रादेशिक अन्तरजन पदीय/वाहिनी राईफल/रिवाल्वर एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता-2022 का मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है व शूटिंग प्रतियोगिता खेल का एक अहम हिस्सा है। शूटिंग प्रतियोगिता में सुरक्षा के साथ-साथ मजबूत पकड़ एवं एकाग्र मन होना चाहिए, तभी प्रतिभागी कुशल फायर बन सकता है। पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने समस्त जनपद/वाहनियों के टीम मेनेजरों से परिचय प्राप्त किया। उसके पश्चात खेल प्रतिभागियों द्वारा मंच पर पुलिस उप महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र को सलामी दी गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने खेल की भावना से प्रतिभाग करने की शपथ ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे ने कहा कि पुलिस कर्मियों में अच्छी प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत रहे, इस हेतु उत्तराखण्ड पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उत्तर-ाखण्ड पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा जारी खेलों का वार्षिक कैलेण्डर समय सारणी के अनुसार जनपद एवं वाहिनियाँ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करती हैं। कोरोना काल के कारण विगत 2 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी दक्षता, निपुणता एवं खेल भावना का परिचय देते हुये खेलों के दौरान उच्च स्तर का अनुशासन बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जनपद पुलिस की 9, पीएसी वाहिनी 5, एसटीएफ 1, एटीएस 1, जीआरपी 1 सहित 17 टीमों के लगभग 150 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए।

शिविर का 312 लोगों ने लिया लाभ

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अस्पताल जनता के द्वार'' कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विकासखंड जोशीमठ के सुदूरवर्ती क्षेत्र उर्गम में शनिवार को मल्टी स्पेशिलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर 312 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जनरल सर्जन, आर्थो सर्जन, स्त्री रोग बाल रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन के साथ विभिन्न गैरसंचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान 6 दिव्यांगजनों का विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) सत्यापन, 4 मानिसक रोगी एवं 6 दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ गांव क्षेत्र ल्यारी, थैंग, उर्गम देवग्राम, सलाना, भेटा, पल्ला, जखोला, किमाना कलगोठ आदि स्थानों से पहुंचे 312 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शिविर का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी पंजीकृत लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की।

विधायक पोरी ने किया प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद गढ़वाल के विकासखंड कोट की न्याय पंचायत कुंडी सबदरखाल की ग्राम सभा कुंडी के पंचायत घर में पंचायत राज निदेशालय उत्तराखंड सरकार के तत्वाधान में प्रयास स्वयं सेवी संस्था डाकपत्थर के द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर गांव की उन्नति के लिए ग्राम पंचायत योजना में दिए गए सुझाव और संविधान के अनुसार प्रदत प्रावधानों के अनुसार योजना को तैयार करने में आसानी होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण लेकर क्षेत्र की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रयास संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह पवार ने 1952 से आज तक पंचायत राज अधिनियम 73वां संशोधन अधिनियम 1993 में किए गए संशोधन एवं कार्यप्रणाली का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दिनेश प्रसाद बडोनी ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम से लिए गए ज्ञान को ग्राम पंचायत योजना में शामिल करते हुए योजना तैयार करेगें और अपने गांव के विकास में अहम योगदान देगें। इस अवसर पर अजय बिजलवान ने सभी प्रधानों, वार्ड पंचायत सदस्यों से आने वाली ग्राम पंचायत योजना में दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रमों को सम्मिलित करते हुए योजना तैयार करने की अपील की। सचिन कुमार मास्टर ट्रेनर ने बाल हितेषी गांव एवं महिला हितेषी गांव की परिकल्पना को साकार करते हुए इसके घटकों के बारे में बताया। सोनू कुमार मास्टर ट्रेनर ने हरा भरा गांव जल पर्याप्त, गांव स्वच्छ एवं जल युक्त गांव की योजना जल जीवन मिशन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्रीमती संतोषी देवी, ग्राम प्रधान खेड़ा श्रीमती किरण, ग्राम प्रधान शिराला अनीता देवी, ग्राम प्रधान घमंड प्रदीप सिंह, ग्राम प्रधान चपरोली टीना देवी, ग्राम प्रधान वर्क रोज श्रीमती अंजनी देवी, ग्राम प्रधान दुगली कुलदीप सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान लोई अमित सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान पाली श्रीमती मोनिका देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य वर्षा देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पूनम देवी, सुंदर सिंह, शर्मिला देवी, रेनू देवी, मालती देवी आदि मौजूद थे।

प्रशिक्षण कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए विधायक राजकुमार पोरी।

सीआईआई की चिंताएं

सीआईआई चाहती है कि आय कर में टूट देकर और ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। अनेक अर्थशास्त्री यह सुझाव पहले से दे रहे हैं। लेकिन सरकार ने उन श्हार्वर्ड शिक्षित अर्थशास्त्रियों की बात नहीं सुनी।

कन्फेडरेशन अफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) ने अगले साल के बजट के लिए सरकार को जो कदम उठाने के सुझाव दिए हैं, सामान्य दिनों में इस संगठन से जुड़े उद्योगपति उन्हें श्समाजवाद कहते। लेकिन मोनोपली के स्तर पर पहुंची मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की नीतियों ने इन उद्योगपतियों का बाजार इस तरह सिकोड़ दिया है कि उन्हें अब अर्थशास्त्री जन मेनार्ड कीन्स के फर्मूले में ही रास्ता नजर आ रहा है। ये बात ध्यान में रखने की है कि सीआईआई परंपरागत उद्योगपतियों की संस्था है- यानी उद्योगपतियों की जिनका कारोबार कारखाना उत्पादन और उनकी बिक्री पर निर्भर करता है।

अब ये संस्था क्या सुझाव दे रही है, इस पर गौर कीजिए। इसने करपोरेट टैक्स में कटौती की मांग नहीं की है। बल्कि कहा है कि इसे मौजूदा स्तर पर ही बनाए रखा जाए। इसके बदले उसने निजी आय कर में टूट देने और जीएसटी की 28 प्रतिशत दर के तहत आने वाली वस्तुओं पर यह कर घटाने का सुझाव दिया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में रोजगार पैदा करने वाली योजनाएं लागू करने की मांग उसने सरकार से की है।

साफ कहा है कि इस समय उपभोग और मांग बढ़ाने वाली नीतियों की जरूरत है। सरकार इन सुझावों को सुनेगी या नहीं, यह हमें नहीं मालूम। लेकिन सीआईआई ने जो कहा है, उससे देश की असल अर्थव्यवस्था का हाल जरूर जाहिर हुआ है। यही हाल तेल साबुन जैसी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों की हालिया तमाम रिपोर्टों से भी सामने आया है। सरकार की आम जेब से निकाल कर करपोरेट सेक्टर को पैसा ट्रांसफर करने वाली नीतियों ने जमीन पर बाजार को सिकोड़ दिया है। कोरोना महामारी और उसके बाद तेजी से बढ़ी महंगाई ने मध्य वर्ग के पास भी अतिरिक्त उपभोग की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। तो सीआईआई चाहती है कि आय कर टूट देकर उसकी जेब अधिक पैसा छोड़ा जाए और ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। अनेक अर्थशास्त्री यह सुझाव पहले से दे रहे हैं। लेकिन श्हार्ड वर्क वाली सरकार ने उन श्हार्वर्ड शिक्षित अर्थशास्त्रियों की बात नहीं सुनीं। तो पानी अब सिर से ऊपर से गुजरने लगा है।

पाकिस्तान : सेना के लिए वेक-अप कल

सत्ता की राजनीति से पीटे हटना सामरिक प्रतीत होता है, और पूर्ण त्याग का संकेत नहीं देता। यह सिर्फ रणनीति बदलने की बात है। देश में चल रहे राजनीतिक टकराव और बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ शक्ति का संतुलन अभी भी सेना के पास बना हुआ है। इतिहास के पन्नों में जनरल कमर जावेद बाजवा को अलग तरह से आंका जाएगा। शायद अधिक आलोचनात्मक रूप से। जैसा कि उन्होंने सरल मार्शल ल का चयन करने की बजाय एक सरकार को हटाने के लिए इंजीनियरिंग द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ टेड़छाड़ की, और बाद में, एक प्रक्सी को आगे बढ़ाया जो अब सैन्य बूटों की सीमाओं से बाहर निकल गया है।अतीत में सेना लोकतंत्र के साथ किए गए किसी भी प्रयोग के दोष से बच गई जैसे-प्रत्यक्ष मार्शल ल, फील्ड मार्शल अयूब खान की निर्देशित लोकतंत्र अवधारणा और जनरल बाजवा की सरकार का संकर रूप। लेकिन अब विभिन्न कारणों से आम लोगों का धैर्य समाप्त होता जा रहा है जैसे-राजनीतिक अभिजात वर्ग के प्रति गुस्सा, बढ़ती महंगाई, कुशासन और वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता।

मनीष राय

इस साल अप्रैल में इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद देश की सर्वशक्तिशाली सेना के खिलाफ अभूतपूर्व प्रतिक्रिया हुई है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान द्वारा सीधे तौर पर अपने पर हमला करने का आरोप लगाने के बाद लोग अब सड़कों पर सेना विरोधी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर रहे हैं। पाकिस्तान भर में आयोजित रैलियों में प्रदर्शनकारियों ने खान के समर्थन में और सेना के खिलाफ नारे लगाए हैं। रैली में खान पर हत्या के असफल प्रयास के बाद। पेशावर में कर्प्स कमांडर के घर के सामने सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए और सेना विरोधी नारे लगाए। इससे पहले पाकिस्तान में यह अकल्पनीय था।

वर्तमान में पाकिस्तानी समाज में सेना विरोधी भावना तेजी से फैल रही है। सोशल मीडिया पर लोग सेना के खिलाफ अपनी राय रखते रहते हैं। सोशल मीडिया खातों को निलंबित किए जाने या गिरफ्तार किए जाने की धमकी के बावजूद। सेना के लिए यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि पाकिस्तान सैन्य राज्य है, और सेना ने अपने अधिकांश अस्तित्व के दौरान शासक की भूमिका निभाई है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि 1947 में पाकिस्तान की स्थापना के बाद से किसी भी प्रधानमंत्री ने पूरे पांच साल का संसदीय कार्यकाल पूरा नहीं किया है, और जनरलों ने कई मौकों पर देश पर सीधे शासन किया है। खान का मुख्य समर्थन आधार पाकिस्तान के शहरी मध्य वर्ग से आता है।

पाकिस्तानी सेना खुद को पाकिस्तान के एकमात्र गैर-सामंती, गैर-वंशवादी और शिक्षित-मध्यवर्गीय संगठन के रूप में देखती है, और समाज के इस वर्ग में सेना हमेशा लोकप्रिय रही है। आश्चर्य की बात नहीं है कि खान को अब सेना के बड़े हिस्से में लोकप्रिय माना जाता है। यह कहना गलत या अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पीटीआई प्रमुख पाकिस्तान के इतिहास में पहले राजनेता हैं, जिन्हें सेना के नेतृत्व से लड़ते हुए सेना के भीतर से भी काफी अच्छा समर्थन प्राप्त है। अब तक इमरान की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि यह है कि वह जनता के बीच सेना के शीर्ष नेतृत्व को सत्ता के भूखे जनरलों के रूप में प्रदर्शित करने में सक्षम रहे हैं। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी ने हमेशा इस कथन को आगे बढ़ाया है कि अधिकांश राजनीतिक नेता भ्रष्ट हैं, और देश के सामने आने वाली सभी कठिनाइयों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं, और सेना ही एकमात्र संस्था है, जो व्यवस्था ला सकती है, और स्थिरता व सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

लेकिन असल बात यह है कि लंबे सैन्य शासन ने पाकिस्तान की राजनीति, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव छोड़े हैं। पाकिस्तान में लंबे सैन्य शासन का सबसे स्थायी प्रभाव इसका घटता हुआ राज्य संविधान है। इतने आवेशित वातावरण के साथ और इतने सारे प्रचलित विरोधी भावनाओं के साथ। यह केवल समय की बात है जब आम पाकिस्तानी सेना में विश्वास खो देंगे और इसे सिर्फ एक अन्य राजनीतिक संगठन के रूप में मानेंगे। सेना ने कई बार कहा है कि वह तटस्थ है, और अराजनैतिक होना चाहती है। लेकिन पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार एक राजनीतिक प्रेस कन्फ्रेंस को इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम और इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल बाबर इफ्तिखार ने संबोधित किया। और फिर से दोहराया गया कि सेना अराजनीतिक रहेगी। लेकिन इस दावे के विपरीत तथ्य यह है कि सैन्य प्रतिष्ठान देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक शक्ति है।

सत्ता की राजनीति से पीटे हटना सामरिक प्रतीत होता है, और पूर्ण त्याग का संकेत नहीं देता। यह सिर्फ रणनीति बदलने की बात है। देश में चल रहे राजनीतिक टकराव और बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ शक्ति का संतुलन अभी भी सेना के पास बना हुआ है। इतिहास के पन्नों में जनरल कमर जावेद बाजवा

को अलग तरह से आंका जाएगा। शायद अधिक आलोचनात्मक रूप से। जैसा कि उन्होंने सरल मार्शल ल का चयन करने की बजाय एक सरकार को हटाने के लिए इंजीनियरिंग द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ टेड़छाड़ की, और बाद में, एक प्रक्सी को आगे बढ़ाया जो अब सैन्य बूटों की सीमाओं से बाहर निकल गया है।

अतीत में सेना लोकतंत्र के साथ किए गए किसी भी प्रयोग के दोष से बच गई जैसे-प्रत्यक्ष मार्शल ल, फील्ड मार्शल अयूब खान की निर्देशित लोकतंत्र अवधारणा और जनरल बाजवा की सरकार का संकर रूप। लेकिन अब विभिन्न कारणों से आम लोगों का धैर्य समाप्त होता जा रहा है जैसे-राजनीतिक अभिजात वर्ग के प्रति गुस्सा, बढ़ती महंगाई, कुशासन और वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता। और लोग किसी भी तरह की राजनीतिक व्यवस्था को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं, जो लोगों की इच्छा को ध्यान में न रखे। वित्तीय राजधानी कराची और पंजाब के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत में स्थानीय चुनावों में खान की पार्टी की मौजूदा जीत को राष्ट्रीय मनोदशा के लिए लिटमस टेस्ट के रूप में देखा गया है। साथ ही, सेना द्वारा अब तक इमरान पर दबाव डालने के सभी हथकंडों ने उन्हें डराने की बजाय और लोकप्रिय बना दिया है।

यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि इमरान खान का बड़ा समर्थन आधार पंजाब से आता है, जो पाकिस्तान सेना का मूल भी है। सेना के लिए बलूचों का नरसंहार करना, या बंगालियों का कत्ल करना, या सिंधी और पश्तूनों को मारना एक बात है, लेकिन पंजाब में ऐसा करना दूसरी बात है। इससे सेना के लिए पीटीआई प्रमुख और उनके समर्थकों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करना बहुत मुश्किल हो जा रहा है। यह वास्तव में सत्ता के गलियारे को छोड़कर बैरकों में जाने के लिए पाकिस्तानी सेना के लिए एक वेकअप कल है अन्यथा उनका हश्र म्यांमार के सैन्य जुन्टा के समान हो सकता है, जहां जून्टा अपने शासन के खिलाफ गृह युद्ध का सामना कर रही है।

लिपस्टिक लगाने से इन गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकती हैं आप

लिपस्टिक लगाना महिलाओं को बहुत पसंद होता है। जी हाँ और महिलाएं अपने ड्रेस, अवसर, मूड और स्टाइल के अनुसार लिपस्टिक का कलर चुनना पसंद करती हैं। हालाँकि कस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स स्किन को बहुत ही ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जी हाँ और लिपस्टिक के साइड इफेक्ट आपके लिए जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लिपस्टिक होंठों पर लगाई जाती है और खाना खाते समय यह मुंह के रास्ते सीधे शरीर के अंदर जाती है। आपको बता दें कि इससे हानिकारक केमिकल्स सीधे पाचन तंत्र में पहुंच सकते हैं। अब आज हम आपको बताते हैं लिपस्टिक कैसे आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाती है।

लिपस्टिक खरीदते समय इंग्रेडिएंट्स की जांच करें

शरीर में मैंगनीज, कैडमियम, क्रोमियम और एल्युमीनियम एक साथ मिल जाएं तो यह बहुत नुकसान करते हैं। जी दरअसल लिपस्टिक लगाकर खाना खाने से इन सभी तत्वों के शरीर में जाने की, वह भी एक साथ प्रवेश करने की संभावना बढ़ जाती है। इसी के साथ लिपस्टिक खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसमें ये चीजें बिल्कुल भी न हों।

लिपस्टिक लगाने के नुकसानः

' ज्यादातर लिपस्टिक में लेड पाया जाता है। लेड शरीर के लिए बहुत हानिकारक होता है। जी हाँ और इससे हाई ब्लड प्रेशर और कई हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

' लिपस्टिक में कई तरह के प्रिजरवेटिव होते हैं जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं और अगर इनकी मात्रा ज्यादा हो तो केंसर होने का खतरा हो सकता है। पैराबेन एक ऐसा प्रिजर्वेटिव है, जिसे केंसर के लिए जिम्मेदार माना जाता है। इसके कारण महिलाओं में ब्रेस्ट केंसर की समस्या देखने

को मिल रही है।

' इसके आलावा बिस्मथ अक्सीक्लोराइड का इस्तेमाल लिपस्टिक में प्रिजर्वेटिव के तौर पर किया जाता है। जी दरअसल इससे केंसर होने का भी खतरा रहता है।

' इसके अलावा अगर आप गर्भवती हैं, तो हर समय लिपस्टिक लगाने से बचें।

लिपस्टिक लगाते समय अपनाएं ये टिप्स-

- लिपस्टिक खरीदते समय डार्क शेड्स लेने से बचें क्योंकि डार्क शेड्स में हैवी मेटल्स ज्यादा होते हैं। - लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर घी या पेट्रोलियम जेली का बेस लगाएं। ऐसा होने से दुष्प्रभाव कम होते हैं। - स्थानीय ब्रांड सस्ते हो सकते हैं, लेकिन वे आपके होठों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। - लिपस्टिक अच्छे ब्रांड की ही खरीदें। - लिपस्टिक के कारण होने वाले पिगमेंटेशन को दूर करने के लिए अपने होठों को चीनी और शहद से स्क्रब करें।

ज्यादा पानी पीने से हो सकती हैं ये गंभीर बीमारियां, बचने के लिए करें ये काम

कहते हैं पानी सबकी सेहत के लिए जरुरी है, हालाँकि अधिक पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको बता दें कि शरीर की सभी कोशिकाओं और अंगों को ठीक से काम करने के लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन ज्यादा पानी पीने से स्वस्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है, जिसे मेडिकल की भाषा में ओवरहाइड्रेशन कहा जाता है। जी हाँ और यह एक तरह का मानसिक रोग भी है, जिसमें इन्सान ज्यादा पानी पीने लगता है। आपको बता दें कि इसका सीधा असर गुर्दे पर पड़ता है और उन लोगों के लिए परेशानी बढ़ जाती है, जिनके गुर्दे पानी को शरीर से बाहर नहीं निकाल पाते हैं।

डाक्टर्स के अनुसार ज्यादा पानी पीने से शरीर में नमक और इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा कम हो जाती है। इससे वटर इंटोक्सिकेशन नामक बीमारी हो जाती है। पेट फूल जाता है और बार-बार उल्टी आती है। केवल यही नहीं बल्कि इसके कारण सिर दर्द भी होता है। स्थिति बिगडने पर मरीज बेहोश हो सकता है। उसे मिर्गी का दौरा पड़ सकता है। केवल इतना ही नहीं बल्कि वह कोमा में भी जा सकता है। हार्ट फेल हो सकता है। गुर्दे काम करना बंद कर सकते हैं। जी हाँ और यह स्थिति डायबिटीज के मरीजों के लिए और खतरनाक बन सकती है। महिलाएं जरूरत से ज्यादा पानी पीती हैं तो उनमें हार्मोंस गड़बड़ा सकते हैं। ब्लड प्रेशर हाई हो सकता है। सांस लेने में परेशानी हो सकती है। साथ ही मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन हो सकती है। जी दरअसल बुजुर्गों के लिए ज्यादा पानी पीना और नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि उन्हें बार-बार बाथरूम जाना पड़ सकता है।

मनमानी पर उतरी विजयन सरकार

के.विक्रम राव

राज्यपाल चाहते हैं कि कुलपति का नामांकन आयोग की नियमावली के मुताबिक हो। पिनरायी विजयन अपने चहेतों को पदासीन कराना चाहते हैं। यही मूलभूत मसला है कि शासन नियमों पर चलेगा या पार्टी हित में? आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध अभियान की वजह क्या है? मुख्यमंत्री विजयन के निजी सचिव हैं केके रागेश। उनकी पत्नी को कन्नूर विश्वविद्यालय कुलपति तथा गोपीनाथ रवीन्द्रन को मलयालम भाषा विभाग में एसो.प्रोफेसर नियुक्त कर दिया गया है। चयन समिति के समक्ष छह प्रत्याशी पेश हुए थे।सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार ड.प्रिया का शोध स्कोर मात्र 156 था। द्वितीय स्थान पर नामित हुए प्रत्याशी को 651 अंक मिले थे। इंटरव्यू में द्वितीय आए उम्मीदवार को कुल 50 में से 32 अंक मिले जबकि प्रिया को पचास में से मात्र 30 अंक। राज्यपाल आरिफ को सूचना मिली कि प्रिया के पति रागेश माकपा के छात्र संगठन एसएफआई के प्रमुख थे और माकपा के पूर्व सांसद। इस बीच केरल हाई कोर्ट ने प्रिया की नियुक्ति पर रोक भी लगा दी।

जिस निर्लज्जता से केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश की अवमानना की है, वह अत्यंत गंभीर संवैधानिक गलती है।

केरल उच्च न्यायालय के निर्णय को निरस्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 21 अक्टूबर, 2022 को राज्य शासन द्वारा नामित एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर ड.एम. एस. राजश्री की नियुक्ति को अवैध करार दिया था। न्यायाधीश-द्वय मुकेश कुमार रसिकभाई शाह तथा चुडलाटी थेवन रवि कुमार ने अपने आदेश में कहा कि केरल शासन का निर्णय त्रुटिपूर्ण है, और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्य नियमों का उल्लंघन करता है। आयोग के अनुसार कुलपति के चयन के लिए खोज समिति बनती है जो कुछ नामों को अग्रसारित करती है। मगर ड. राजश्री का अकेला नाम सूची में था। वैकल्पिक नामांकन नहीं था। अतरू वह रद्द कर दिया गया।

मगर माकपा शासन ने इस आदेश को क्रियान्वित नहीं किया। इसी तरह केरल उच्च न्यायालय ने केरल मत्स्य पालन एवं महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय (केयूएफओएस) के कुलपति की नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि उनकी नियुक्ति भी यूजीसी के मानदंडों के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश एस. मणिकुमार और शाजी पाल चाली की खंड पीठ ने कहा कि डक्र के. रीजि जन को केयूएफओएस का कुलपति नियुक्त करने के दौरान यूजीसी के उस नियम का पालन नहीं किया गया जिसके तहत कुलाधिपति को तीन या उससे अधिक दावेदारों की सूची भेजना अनिवार्य है। पीठ ने कहा कि नये कुलपति के लिए कुलाधिपति एक चयन कमेटी गठित कर सकते हैं। स्पष्ट किया कि कुलपति के चयन में यूजीसी के मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय का यह फैसला ड. जन की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आया है।

यह फैसला राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा जन का इस्तीफा मांगे जाने के कदम को जायज ठहराता है। खान ने इस आधार पर जन का इस्तीफा मांगा था कि उच्चतम न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में कहा था कि यूजीसी के मानदंडों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा गठित चयन कमेटी को कम से कम तीन उपयुक्त दावेदारों के नामों की सिफारिश करनी चाहिए थी।

राज्यपाल चाहते हैं कि कुलपति का नामांकन आयोग की नियमावली के मुताबिक हो। पिनरायी विजयन अपने चहेतों को पदासीन कराना चाहते हैं। यही मूलभूत मसला है कि शासन नियमों पर चलेगा या पार्टी हित में? आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध अभियान की वजह क्या है? मुख्यमंत्री विजयन के निजी सचिव हैं केके रागेश। उनकी पत्नी को कन्नूर विश्वविद्यालय कुलपति तथा गोपीनाथ रवीन्द्रन को मलयालम भाषा विभाग में एसो. प्रोफेसर नियुक्त कर दिया गया है। चयन समिति के समक्ष छह प्रत्याशी पेश हुए थे।

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार ड. प्रिया का शोध स्कोर मात्र 156 था। द्वितीय स्थान पर नामित हुए प्रत्याशी को 651 अंक मिले थे। इंटरव्यू में द्वितीय आए उम्मीदवार को कुल 50 में से 32 अंक मिले जबकि प्रिया को पचास में से मात्र 30 अंक। राज्यपाल आरिफ को सूचना मिली कि प्रिया के पति रागेश माकपा के छात्र संगठन एसएफआई के प्रमुख थे और माकपा के पूर्व सांसद। इस बीच केरल हाई कोर्ट ने प्रिया की नियुक्ति पर रोक भी लगा दी। यूजीसी को नोटिस भी जारी कर दिया।

इसके अतिरिक्त केरल में एक और शासकीय कुप्रथा है। इससे राज्य कोष पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। केरल के मंत्रियों को अधिकार है कि वे बीस-बीस व्यक्तियों को अपने निजी स्टाफ में नियुक्त कर सकते हैं। स्वाभाविक है कि सभी राजनीतिक कार्यकर्ता होंगे। ढाई साल की नौकरी के बाद सभी को कानूनन आजीवन पेंशन भी मिलती है। क्या पार्टीबाजी है? राज्यपाल ने इस पर ऐतराज जताया तो माकपा मुख्यमंत्री नाराज हो गए। माकपा ने राज्यपाल के पद ही को खत्म करने की मांग कर दी। एक अन्य अत्यंत गंभीर आरोप भी राज्यपाल का है कि मुख्यमंत्री राज्यपाल को शासकीय विषयों तथा सूचनाओं से वंचित रखते हैं। राज्यपाल को आतंकित करने में सारे हथकंडे अपनाते हैं।

यात्रा से एकजुटता नहीं बन रही

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा तात्कालिक चुनावी लाभ देने वाली नहीं साबित हो रही है। कांग्रेस के नेता भी इसे मान रहे हैं। लेकिन उनका कहना है कि इससे पार्टी एकजुट हो रही है और राज्यों में पार्टी का सोया हुआ काडर जग कर एक्टिव हो रहा है। राज्यों में पार्टी का संगठन फिर खड़ा हो रहा है। यात्रा की तैयारियों के बहाने ही संगठन काम कर रहा है। लेकिन हकीकत कुछ और है। वास्तविकता यह है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही इस यात्रा से कांग्रेस पार्टी एकजुट नहीं हो रही है। राहुल के सामने भले एकजुटता दिख रही है लेकिन यात्रा आगे बढ़ते ही पार्टी के नेताओं में घमासान शुरू हो जा रहा है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दक्षिण भारत के जिन पांच राज्यों से गुजरी है उनमें से दो राज्यों- केरल और कर्नाटक में पार्टी के अंदर घमासान छिड़ा है।

अभी मध्य प्रदेश से निकल कर उनकी यात्रा राजस्थान जाने वाली है और उससे पहले ही राजस्थान में पार्टी की खेमेबाजी सामने आ गई है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट हालांकि यात्रा की तैयारियों में लगे हैं और इसके लिए हुई मीटिंग में भी शामिल हुए लेकिन उनके असर वाले इलाके में गूजर नेता यात्रा का बहिष्कार करने और राहुल गांधी को राजस्थान में नहीं घुसने देने की बात कर रहे हैं। पायलट समर्थक विधायकों व मंत्रियों ने राजस्थान का फैसला जल्दी करने को कहा है तो इस बात को लेकर भी बहस छिड़ी है कि राजस्थान में ज्यादा समय तक यात्रा पायलट के असर वाले इलाकों से गुजरेगी।

राहुल ने अपनी यात्रा के दौरान कर्नाटक में प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच बरसों से चल रही खींचतान को खत्म करके एकजुटता बनवाने की बड़ी कोशिश की। पर राहुल की यात्रा आगे बढ़ी और कर्नाटक में घमासान शुरू हो गया। राहुल के समर्थन और मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष बनने से उत्साहित सिद्धरमैया ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी। उन्होंने अगले साल के विधानसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए और लोगों से उनको वोट देने की अपील कर डाली। प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार इससे इतना भड़के कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से कह दिया कि सिद्धरमैया कौन होते हैं उम्मीदवार की घोषणा करने वाले।

केरल में इसी तरह का विवाद छिड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष के सुधाकरण ने आरएसएस और नेहरू को लेकर जो बयान दिया उसका विवाद चल ही रहा था कि शशि थरूर की सक्रियता ने पार्टी को नई मुश्किल में डाल दिया। हालांकि थरूर ने कहा है कि उनसे किसी को डरने की जरूरत नहीं है और वे कोई गुटबाजी नहीं कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस

राहुल ने अपनी यात्रा के दौरान कर्नाटक में प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच बरसों से चल रही खींचतान को खत्म करके एकजुटता बनवाने की बड़ी कोशिश की। पर राहुल की यात्रा आगे बढ़ी और कर्नाटक में घमासान शुरू हो गया। राहुल के समर्थन और मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष बनने से उत्साहित सिद्धरमैया ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी।

की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेताओं से उनकी मुलाकात ने राजनीतिक घटनाक्रम को तेज कर दिया है। प्रदेश में नेताओं के कई गुट पहले से हैं और अब एक नया गुट बन रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में थरूर का समर्थन करने और उनको वोट देने वाले नेता उनके संपर्क में हैं।

फीफा में जीत का जश्न, 20 लाख रुपए की शराब पी गई 3 दिग्गज खिलाडियों की पत्नियां

दोहा ,(एजेंसी)। इस समय यहां एक तरफ हर जगह फीफा वर्ल्ड कप का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है, वहीं दूसरी तरफ 3 दिग्गज खिलाडियों की पत्नियों को लेकर एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिस सुन कर हर कोई हैरान हो रहा है। जानकारी है कि 3 दिग्गज इंग्लिश खिलाडियों की पार्टनर्स 20 लाख रुपये की शराब पी गईं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंग्लिश खिलाडियों की पार्टनर्स ने ईरान पर टीम को मिली बड़ी जीत का जश्न लग्जरी क्रूज में मनाया। हैरी मगुइरे की पत्नी फर्न, जर्डन पिकफर्ड की पार्टनर मेगन और जैक ग्रीलिश की गर्लफ्रेंड साशा अटवुड ने देर रात 2 बजे तक पार्टी की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार क्रूज लाइनर पर आने के दौरान वे एक प्रीमियम ड्रिंक पैकेज पर होते हैं और कतर पहुंचने से पहले ही इसका भुगतान कर दिया गया था, मगर वें 25 हजार रुपये वाली शैंपेन और ककटेल का अर्डर दे रही थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार स्टार खिलाडियों की पार्टनर्स ने काफी ज्यादा ड्रिंक कर ली थी। उनकी इस पार्टी में और भी काफी लोग शामिल थे। शराब इतनी ज्यादा पी गई कि बार को अगली सुबह फिर से भरना पड़ा था। बता दें कि कतर में इस समय वर्ल्ड चौंपियन बनने के लिए जंग जारी है। खिलाड़ी अपने कमाल से छाए हुए हैं तो वहीं उनकी पत्नियां और गर्लफ्रेंड्स धमाल मचाकर सुर्खियां बटोर रही हैं।

इंडोनेशिया भूकंप में मरने वालों में पन्द्रह वर्ष से कम उम्र के सौ बच्चे

जकार्ता ,(एजेंसी)। इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में हाल में आए भूकंप में पन्द्रह साल से कम उम्र के कम से कम सौ बच्चों की मौत हो गई है। यूनिसेफ इंडोनेशिया ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि 24 नवंबर तक नवीनतम आधिकारिक अनुमान के अनुसार इस भूकंप में पन्द्रह साल से कम उम्र के सौ बच्चों ने अपनी जान गंवाई है, जो मारे गए 272 व्यक्तियों की कुल संख्या का 37 प्रतिशत है। भूकंप में 2,046 लोग घायल हुए तथा 39 लोग लापता हैं और 62,882 लोग बेघर हुए है। पश्चिम जावा के सियानजुर रीजेंसी में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख सुहरयांतो ने पहले कहा था कि भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 310 हो गई है। यूनिसेफ ने कहा कि भूकंप से कम से कम 45 स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए जबकि 18 छात्रों और पांच शिक्षकों की मौत हो गई और 267 छात्र और दस शिक्षक घायल हो गए।

आर्मी यूनिफार्म पहनकर 2 स्कूलों में नाबालिग ने की अंधाधुंध फायरिंग

ब्रासीलिया ,(एजेंसी)। ब्राजील में एस्पिरिटो सैंटो राज्य के 2 स्कूलों में गोलीबारी की घटना सामने आई है। अराक्रुज शहर में स्थित इन स्कूलों में एक किशोर ने बंदूक से गोलीबारी कर 3 लोगों की हत्या कर दी और 11 अन्य को घायल कर दिया। घायल छात्रों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोलीबारी की यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई। मीडिया ने पुलिस अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि एक युवक सरकारी स्कूल के स्टाफ रूम में घुस गया और 2 टीचर्स की हत्या कर दी। इसके बाद वह कार से उसी गली में निजी स्कूल की ओर चला गया जहां उसने एक छात्र की हत्या कर दी और कार से भाग गया।

वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कि सैन्य पोशाक में एक अज्ञात किशोर ने दो स्कूलों पर गोलियां चलाईं। वो दोपहर के समय तक लापता था।

रास्ता भटक जाने वालों को मार्ग दिखाता है भारत, हमारे देश में बसी है संपूर्ण विश्व की आत्मा: मोहन भागवत

बक्सर, एजेंसी। है देह विश्व, आत्मा है भारत माता, सृष्टि प्रलय पर्यंत अमर रहे माता..। संपूर्ण विश्व जो चलता है, उसकी आत्मा भारत है। भारत के रहने से विश्व रहता है। अकेला भारत ऐसा है जो कभी रास्ता नहीं छोड़ता और जो रास्ता भटक जाते हैं उनको रास्ते पर लाता है। भगवान ने भारत को यह काम दिया है। भारत इसे आदिकाल से कर रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक डा.मोहन भागवत ने ये बातें कहीं। शहर के नया बाजार स्थित श्रीसीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में पुष्पवाटिका के दर्शन के पश्चात वह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आध्यात्म का जो रस है वही भगवान हैं। भगवती की शक्ति भगवान का संकल्प दोनों को मिलाकर रामायण बनता है। राम की पा से राम जैसे लोग भी जन्म लेते हैं। इसलिए भारत कभी मृत नहीं हुआ। भारत अमर है। भारत को जीतने वाले भारत में आकर समाप्त हो गए। उनकी महत्वाकांक्षा समाप्त हो गई। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि बार-बार पुरुषार्थ हुआ है।

भागवत ने कहा कि हमारे यहां कर्म की कोई कमी नहीं है। भक्ति का प्रवाह अखंड है। ज्ञान हमारे यहां कभी कम नहीं था। थक जाते हैं सो जाते हैं लेकिन फिर जग जाते हैं। कितने लोग आए। सब आए हमको जीतने के लिए। सबकी जगत विजय करने की महत्वाकांक्षा भारत में आकर विलुप्त हो गई। उनकी राक्षसी वृत्ति चली गई। यहां भक्ति का प्रवाह अखंड है जैसे गंगा बह रही है। तभी तो हम नया कर्म नया पुरुषार्थ लेकर खड़े हो जाते हैं।

यह प्रताप किसका है। यह उस भक्ति का प्रताप है। ये भक्ति हमारी शक्ति बनती है। उसमें अदभुत शक्ति है। इस भक्ति को समाज में जीवित रखने का काम संतों के द्वारा होता है। ऐसे उपक्रम में सामान्य व्यक्ति भी आता है और समझ लेता है इसलिए ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए।

इस भाव को मन में धारण करके समस्त प्राणियों के परोपकार के लिए जीवन जीना और अंदर इस आत्म साक्षात्कार को जीवित रखना ये भारतवासी जब तक करते रहेंगे तब तक भारत रहेगा क्योंकि वह विश्व की आत्मा है। विश्व को जब शरीर बदलना है तब भारत उसको छोड़कर जाएगा। सरसंघचालक ने कहा कि भारत मरेगा नहीं भारत केवल शरीर बदलेगा, विश्व पूरा बदल जाएगा। हमको प्रलय तक इस भाव को जीवित रखने का दायित्व हमारी परंपरा ने हमारी भगवत सत्ता ने दिया है। उसको निभाने का प्रण हम करें और उसके लिए आवश्यक शक्ति, भक्ति और कर्म ऐसे प्रसंगों से प्राप्त करें।

इससे पूर्व ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का पूजन और शिव सरोवर पर उन्होंने गंगा आरती की। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए भगवान के प्रति श्रद्धा और निष्ठा जरूरी है।

पुरुषार्थ और संकल्प के प्रयास से हर प्रकार के कार्य सिद्ध होते हैं।

कहा कि जो लोग धर्म के प्रति श्रद्धा नहीं रखते उन्हें भी ईश्वरीय शक्ति को मानना पड़ा। ईश्वरीय शक्ति की पा से राष्ट्र में हर प्रकार के कार्य सफल होते हैं लेकिन, इससे पहले ईश्वर के प्रति निष्ठा और संकल्प शक्ति को जागृत करना जरूरी है। राष्ट्र के निर्माण और पुरुषार्थ के लिए ही इस देश में ईश्वर का प्रकटीकरण हुआ है। हम प्रयास करेंगे तो मनोकामनाएं जरूर पूरी होंगी।

प्रेमी से मिलने 3 हजार किमी. दूर पहुंची प्रेमिका, बॉयफ्रेंड ने काटा सिर

लीमा ,(एजेंसी)। मैक्सिको से 3 हजार किलोमीटर दूर एक लड़की अनलाइन डेटिंग के दौरान अपने बयफ्रेंड को मिलने के लिए घर से निकलती है पर उसे नहीं पता था वह इसके बाद कभी घर भी लौटे गई। ब्लैंका 3 हजार किलोमीटर दूर पेरू में अपने बयफ्रेंड को मिलने के लिए गई थी। इस दौरान उसके बयफ्रेंड ने उसकी हत्या कर दी। ब्लैंका ने अपने परिवारवालों से बात की हुई थी कि वह अपने बयफ्रेंड को मिलने के लिए जाएगी। बयफ्रेंड का नाम टी जुआन पाब्लो जीसस विलाफुर्तेसे है। ब्लैंका पिछले कई महीनों से अनलाइन कोर्टशिप में थी। जो जुआन को मिलने के लिए प्लैन कर रही थी।

ब्लैंका, जुआन से मिलने के लिए हुआचो गई थीं। ब्लैंका ने परिवारवालों को बताया था कि वह जुआन से प्यार करने लगी हैं। जुआन मेडिकल विद्यार्थी है। ब्लैंका ने परिजनों ने 7 नवंबर को पुलिस के पास गुमशुद्गी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अब तक परिवार यह मान रहा था कि ब्लैंका, जुआन के साथ हैं और काफी खुश हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान धक्का-मुक्की, जमीन पर गिरे दिग्विजय सिंह

नई दिल्ली ,(एजेंसी)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। मध्य प्रदेश में पदयात्रा का आज चौथा दिन है। इसके बाद राहुल अपनी टीम के साथ राजस्थान में प्रवेश करेंगे, जहां अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सियासी लड़ाई खुलकर सामने आ चुकी है।

राहुल गांधी की यात्रा आज जब ओमकारेश्वर से इंदौर की तरफ बढ़ रही थी तो टी ब्रेक के दौरान धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह गिर गए। वहां मौजूद समर्थकों और सुरक्षा बलों ने उन्हें सहारा दिया। इसके बाद दिग्विजय उठकर खड़े हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिग्विजय सिंह को इस हादसे में गंभीर चोटें नहीं पहुंची हैं। वह स्वस्थ नजर आ रहे हैं और यात्रा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दिग्विजय आज राहुल गांधी के साथ भी कदम से कदम मिलाकर चलते हुए नजर आए।

आपको बता दें कि बड़वाह से करीब 4 किमी की दूरी पर राहुल गांधी अचानक चोर बावड़ी के पास एक होटल में चाय के लिए रुक गए। उस समय वहां भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। इस कारण दिग्विजय सिंह जमीन पर गिर पड़े। कुछ कार्यकर्ता भी उनके ऊपर गिर पड़े। दिग्विजय सिंह ने इस पूरे प्रकरण को लेकर नाराजगी भी जताई है।राहुल गांधी की यह यात्रा आज खरगोन जिले के मनिहार, बलवाड़ा होते हुए महू पहुंचेगी। राहुल यहां ड. बाबासाहेब अम्बेडकर के स्मारक पर जाकर भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वह एक सभा को भी संबोधित करेंगे। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत देश और प्रदेश के करीब 40 नेता मौजूद रहेंगे।

राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान का केरल सरकार पर तंज

राज्य में हो रही घटनाओं को हमें करना चाहिए नजरअंदाज

पणजी, एजेंसी। केरल की वामपंथी सरकार और राजभवन के बीच चल रही तनातनी के बीच राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इशारों में कहा कि दक्षिणी राज्य में कुछ गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन हमें उनको नजरअंदाज करना चाहिए। गोवा राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में बिना किसी का नाम लेते हुए केरल के राज्यपाल ने कहा कि कुछ लोगों को यह समस्या है कि मैं उन सब से अच्छी धोती पहनता हूं। यद्यपि उनका जन्म केरल में नहीं हुआ। इसके साथ ही कहा कि कोई विवाद या संघर्ष नहीं है। केरल में कुछ घटनाएं हो रही हैं। निश्चितरूप से कुछ चीजें हुई हैं, किंतु हमें उनको अनदेखा करना चाहिए।

बता दें कि इस माह की शुरुआत में खान ने राज्य विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों को लेकर एक अध्यादेश जारी किया था। पांच दिसंबर को राज्य विधानसभा का सत्र बुलाए जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि अब वह अध्यादेश अप्रभावी हो गया, क्योंकि विधानसभा सत्र आहूत कर लिया गया है। खान ने कहा कि वास्तविक समस्या यह नहीं है कि जो कुछ लोग बोल रहे हैं, वस्तुतरू समस्या यह है कि केरल में जन्म न लेने के बावजूद मैं उन सबसे अच्छी धोती पहनता हूं। कुछ लोगों को लगता है कि यदि आपका जन्म केरल में नहीं हुआ है तो आप मलयाली जैसे कैसे लगते हो। मुझे इस पर गर्व है।

राज्यपाल ने कहा कि दक्षिण भारत राज्य के एकीकरण के लिए प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। अखंड भारत का श्रेय पटेल को दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई ने खान की यात्राओं पर आए बिल को लेकर छपी खबरों की आलोचना की और कहा कि राज्यपाल को यात्राएं करनी पड़ती हैं। मैंने आठ माह में यात्राओं पर 48 लाख खर्च किए जबकि खान की यात्राओं में सिर्फ बीस लाख खर्च हुए।

एनएचआरसी ने मोतियाबिंद के गलत ऑपरेशन पर यूपी सरकार को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली ,(एजेंसी)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कानपुर के एक निजी अस्पताल में छह मरीजों के मोतियाबिंद के गलत अपरेशन से आंखों की रोशनी चली जाने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

आयोग ने कानपुर के एक निजी अस्पताल में मोतियाबिंद के अपरेशन के बाद डक्टरों की लापरवाही के कारण छह मरीजों की आंखों की रोशनी चली जाने की मीडिया में आई खबरों पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर घटना के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

आयोग ने कहा कि वह यह भी जानना चाहेगा कि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए और प्रस्तावित कदम क्या हैं।

एक और खुलासा: श्रद्धा की हड्डियों पर मिले आरी से काटने के निशान

नई दिल्ली, एजेंसी। देश को झकझोर देने वाले श्रद्धा हत्याकांड में एक और नया खुलासा हुआ है। श्रद्धा की हत्या करने के बाद आफताब ने उसके शव के टुकड़े आरी से किए थे। यह बात फरेंसिक जांच में सामने आई है। जांच में श्रद्धा की बडी पर आरी से काटने के निशान भी मिले हैं। वहीं, श्रद्धा के पिता के ब्लड सैंपल के डीएनए से टाइल्स पर मिले खून और हड्डियों के नमूने का मिलान हो गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, जंगल से मिली हड्डियां श्रद्धा की ही हैं।

फरेंसिक टीम के सूत्रों ने दिल्ली पुलिस को मौखिक रूप से जानकारी दी है, पूरी रिपोर्ट देने में अभी कुछ दिन का वक्त लग सकता है। पुलिस को अब एफएसएल की फाइनल रिपोर्ट का इंतजार है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर सागर प्रीत हुड्डा के मुताबिक, श्रद्धा हत्याकांड से जुड़े मामले में डीएनए जांच से जुड़ी सीएफएसएल की रिपोर्ट नहीं मिली है, फिलहाल औपचारिक तौर पर रिपोर्ट मिलने के बाद मामले से जुड़ी सूचना दी जाएगी।

उधर, आरोपी आफताब अमीन पूनावाला (28) से पलिग्राफ टेस्ट के दौरान हैरान कर देने वाली जानकारी मिली। रोहिणी एफएसएल के विशेषज्ञों के अनुसार, आफताब ने श्रद्धा की हत्या गुस्से में नहीं, बल्कि साजिश के तहत की है। साथ ही वारदात से पहले बलीवुड फिल्म दृश्यम देखी थी।

आफताब ने बताया कि उसे दृश्यम पार्ट-दो का इंतजार था। वह श्रद्धा की हत्या करने के बाद कोई कहानी बनाने की फिराक में था। उसने साजिश के तहत श्रद्धा की हत्या की। हत्या करने के बाद श्रद्धा के दोस्तों, परिजनों से लगातार बात कर ऐसे सबूत बनाता रहा, ताकि बाद में निर्दोष साबित होने में कोई परेशानी न हो। ये बातें आफताब के गुरुवार को पौने नो घंटे तक चले पलिग्राफी टेस्ट के दौरान सामने आईं।

दिल्ली पुलिस श्रद्धा व आफताब की पुरानी चौट को रिकवर करने में जुटी है। इसके लिए दक्षिण जिले की एक टीम अलग से काम रही है। आरोपी के मोबाइल व लैपटप की जांच की जा रही है। अगर पुलिस को पुरानी चौट मिल जाती है तो ये अहम सबूत साबित होगा।

कर्नाटक वोटर आईडी घोटाले में केंद्र सरकार शामिल : कांग्रेस

बेंगलुरु ,(एजेंसी)। कांग्रेस की कर्नाटक राज्य इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया है कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार मतदाता पहचान पत्र घोटाले में शामिल है। सुरजेवाला ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मतदाताओं का डेटा चोरी करने में सीधे तौर पर शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक कंपनी के बैंक खाते से कई व्यक्तियों को धन हस्तांतरित किया गया है, जो उस जगह से आते हैं, जहां घोटाले के मुख्य आरोपी चिलूम इंस्टीट्यूट के रविकुमार हैं।

उन्होंने कहा कि यह सबूत है जो घोटाले में केंद्र सरकार की सीधी संलिप्तता साबित करता है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एक कंपनी के खाते से बड़ी रकम ट्रांसफर की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के साथ मतदाता पहचान पत्र घोटाले में शामिल है। सुरजेवाला ने कहा, घोटाले में धन के अवैध हस्तांतरण का भी मामला है।

संविधान हमारी सबसे बड़ी ताकत, सब को पीछे छोड़ आगे बढ़ रहा भारत: पीएम

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के चलते ही आज देश के गरीब और महिलाएं सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज तमाम मुश्किलों को पीटे छोड़ आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि युवाओं को देश के संविधान की जानकारी होना जरूरी है, जब वो इसे जानेंगे तो उन्हें कई सवालों के जवाब खुद मिलेंगे।

विश्व की निगाहें भारत पर टिकी

पीएम ने कहा कि आज के वैश्विक हालात में पूरे विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं। भारत के तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और इसकी मजबूत वैश्विक छवि के चलते दुनिया हमें बड़ी उम्मीदों के साथ देख रही है। पीएम ने कहा कि इसके पीटे सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान ही है।

26ध्11 आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही के दिन मुंबई में 26ध्11 आतंकी हमला हुआ था। पीएम ने कहा कि 14 साल पहले जब भारत अपने संविधान और नागरिकों के अधिकारों का जश्न मना रहा था, तब मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला किया था। हमले में जान गंवाने वालों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

लांच की ई-कोर्ट परियोजना

इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सबसे पहले ई-कोर्ट परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत वर्चुअल जस्टिस क्लक, डिजिटल कोर्ट और जस्टिस मोबाइल एप 2.0 शुरू की जाएगी। पीएम ने लांचिंग के बाद कहा कि 1949 में आज ही के दिन स्वतंत्र भारत ने अपने लिए एक नई भविष्य की नीव डाली थी। इस बार का संविधान दिवस इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत ने अपने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले एक ट्वीट के जरिए संविधान देने वाले देश के महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र के लिए अपने दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

अटार्नी आर वेंकटरमनी ने कार्यकर्म को संबोधित करते हुए कहा कि जाति और अन्य सामाजिक विभाजन की कुछ हानिकारक समस्याओं को मिटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समानता का दावा जटिल है और नए विभाजन पैदा किए बिना कानून, समाज और अदालतों के बीच समन्वय के लिए आवास बनाया जाना चाहिए।

आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार का दरबार: शहजाद पूनावाला

नई दिल्ली (एजेंसी) । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी के केजरीवाल सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के नए वीडियो कलिंग का कहा कि क्या आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार का दरबार है । पूनावाला ने कहा कि निलंबित जेल अधीक्षक अजीत कुमार का सत्येंद्र जैन के साथ वीडियो सामने आया है।पूनावाला ने कहा कि यह इस सीरीज का तीसरा वीडियो है इससे पहले तिहाड़ में एक स्पा बनाया जहां सत्येंद्र जैन को एक बच्ची से बलात्कार करने वाले से मालिश मिली और आप ने इसे फिजियोथेरेपी का नाम दिया।

बच्चों को अब बुजुर्ग माता-पिता को देना होगा गुजारा भत्ता

भरण पोषण विधेयक फिर संसद में पेश करने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। बदलते सामाजिक ताने-बाने के बीच बुजुर्गों की देखभाल जहां एक बड़ी चुनौती बनते दिख रही है। वहीं सरकार माता-पिता और बुजुर्गों के भरण- पोषण से जुड़े सालों पुराने कानून में बड़े बदलाव की तैयारी में है जिसे और सख्त बनाया जाएगा। इसके तहत कोई व्यक्ति अब बुजुर्गों की देखभाल से मुंह नहीं मोड़ सकेगा। ऐसा न करने पर उसे छह माह की जेल और जुर्माना दोनों की सजा हो सकती है। इसके साथ ही बुजुर्गों को मिलने वाले गुजारा भत्ते में भी बदलाव की तैयारी है। यह भत्ता बच्चों की हैसियत और आय के हिसाब से निर्धारित होगी। अब तक इसका अधिकतम दायरा दस हजार रुपए प्रति माह ही प्रस्तावित किया गया था।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय करीब तीन साल के लंबे इंतजार के बाद माता-पिता व बुजुर्गों के भरण पोषण से जुड़े विधेयक में बदलाव को लेकर फिर से आगे बढ़ने की तैयारी में है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसे लाने की पूरी तैयारी है। हालांकि इस विधेयक को पहली बार वर्ष 2019 में संसद में पेश किया गया था, लेकिन बाद में इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेज दिया गया। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक कमेटी के सुझाव के बाद इस विधेयक में कई अहम बदलाव किए गए है। जिसमें बुजुर्गों को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा। कोई इनकी सेवा नहीं करता है तो फिर सरकार उनकी देखभाल करेगी। इसके लिए देश में एक ढांचा खड़ा किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक जिलों में बुजुर्गों की मौजूद्गी को मैपिंग करते हुए मेडिकल सुविधा युक्त वृद्धाश्रमों और जिला स्तर पर एक सेल गठित होगी। जो इससे जुड़ी सुविधाओं को संचालित करेगी।

प्रस्तावित विधेयक में इसके अलावा घरों में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया गया है। इसके तहत प्रत्येक थाने में बुजुर्गों से जुड़े मामलों को देखने और उनका पूरा ब्यौरा रखने के लिए एक सब इंस्पेक्टर या फिर उसके समकक्ष रैंक का कोई पुलिस अधिकारी नामित होगा। जो थाना क्षेत्र में रहने वाले ऐसे प्रत्येक बुजुर्ग की एक सूची रखेगा। साथ ही उनकी देखरेख करने वाले लोगों और पड़ोसियों का भी ब्यौरा रखेगा। गौरतलब है कि माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़ा मौजूदा कानून वर्ष 2007 में बना था।

प्रस्तावित विधेयक के अनुसार माता-पिता अब सिर्फ अपने जैविक बच्चों से ही गुजारा भत्ता लेने के हकदार नहीं होंगे, बल्कि अब वह नाती-पोते, दामाद या फिर ऐसे संबंधी जो उनकी संपत्ति के दावेदार होंगे, उन सभी संबंधियों से वह गुजारा भत्ता मांग सकेगा। मौजूदा समय में देश में बुजुर्गों की कुल आबादी करीब 12 करोड़ है। इसके वर्ष 2050 तक करीब 33 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में सरकार समय रहते बुजुर्गों से जुड़ी व्यवस्था को चाकचौबंद रखना चाहती है।

बीसीसीआई का एक्शन जारी, 2011 में वर्ल्ड कप जीताने वाले दिग्गज की टीम इंडिया से छुट्टी!



नई दिल्ली , टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद से ही बीसीसीआई फुल एक्शन में है। बीसीसीआई ने बीतें दिनों अचानक ही पूरी चयन समिति को ही बर्खास्त कर दिया था। अब बोर्ड ने इस कड़ी में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब खबर आ रही है कि बोर्ड मानसिक कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन का कॉन्ट्रेक्ट रिन्यू नहीं करेगा।

बता दें कि वर्ल्ड कप के साथ ही अप्टन का कॉन्ट्रेक्ट खत्म हो गया था। अप्टन को कोच राहुल द्रविड़ ने चुना था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने मानसिक कंडीशनिंग कोच अप्टन के करार को आगे नहीं बढ़ाया है।

वेस्टइंडीज सीरीज से पहले द्रविड़ की सिफारिश पर वर्ल्ड कप तक के लिए उन्हें शामिल किया गया था। अब अप्टन बांग्लादेश दौरे पर टीम के साथ नही जाएंगे। अप्टन को खिलाडियों को दबाव से बाहर निकालने में मदद करने के लिए रखा गया था और वो अपने काम में सफल भी हुए। विराट कोहली को उनके इनपुट से फॉर्म में वापसी करने में भी मदद मिली थी। पैडी अप्टन ने केएल राहुल के साथ भी समय बिताया था और राहुल ने अर्धशतक जमाकर वापसी भी की थी।

हालांकि टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ राहुल फिर लडखड़ा गए और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने राहुल के साथ काम न करने के लिए उन्हें फटकार भी लगाई थी। अप्टन की भारतीय टीम के साथ ये दूसरी पारी थी। इससे पहले उन्होंने गैरी कर्स्टन के साथ काम किया था, जब भारत ने 2011 में वर्ल्ड कप जीता था। यहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी।

क्रिकेट की अधिकता दर्शकों के कम आने का कारण : विलियम्सन

ऑकलैंड ,ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि इंग्लैंड को 3–0 से क्लीन स्वीप किया लेकिन स्टेडियम में दर्शकों की घटती उपस्थिति ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है।यह ट्रेंड अक्टूबर–नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित टी20 विश्व कप के दौरान शुरू हुआ जिसने आयोजकों और प्रशासकों पर सवाल उठाये हैं कि स्टेडियम में मैचों को देखने से दर्शकों की संख्या कम क्यों होती जा रही है।

जब ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में इंग्लैंड को 221 रन से हराया तब 90 हजार से अधिक की क्षमता वाले मेलबर्न क्रिकेट मैदान में 10,406 समर्थक ही मौजूद थे।

इस सन्दर्भ और क्रिकेट की घटती लोकप्रियता के बारे में पूछे जाने पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने कहा कि घटती दर्शक संख्या इस बात का प्रतीक है कि मौजूदा समय में मैच ज्यादा संख्या में खेले जा रहे हैं।विलियम्सन ने कहा, मेलबर्न में कम दर्शकों का होना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यह बताता है कि काफी क्रिकेट खेली जा रही है,

सेनेगल से मिली हार से कतर की मुश्किलें बढ़ी

दोहा , फीफा विश्व कप में मेजबान कतर को सेनेगल के खिलाफ 1–3 से हार का मुंह देखना पड़ा।

मौजूदा टूर्नामेंट में यह लगातार उसकी दूसरी हार थी। इससे पहले इचडोर ने 2–0 से शिकस्त दी थी। मैच के पहले हाफ में सेनेगल के बोलाए डीआ ने 41 वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी जबकि मैच के 48वें मिनट ने फामारा डाइडहीओ ने कतर के गोलकीपर को छकाते हुये एक और गोल कर अंतर को 2–0 कर दिया।

इसके बाद मैच के कतर के मोहम्मद मुंतारी ने 78वें मिनट ने गोल दाग कर फासले को कम करने की कोशिश की मगर आक्रमक खेल का प्रदर्शन कर रही सेनेगल ने 84वें मिनट में चैक एहमडु बेम्ब एमबैक ने एक और गोल कर अपनी टीम को 3–1 की निर्णायक बढ़त दिला दी जो मैच के अंत तक कायम रही। इस अहम मैच में हार के बाद कतर की मौजूदा विश्वकप में राह और मुश्किल हो गयी है और उसके विश्वकप से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है।

टाइगर्स और गढ़वाल डायमंड जीत के साथ सुपर सिक्स में

नई दिल्ली , दिल्ली टाइगर्स और गढ़वाल डायमंड ने फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन् लीग में अपने अपने मैच जीत कर पूरे अंक अर्जित किए ।नेहरू स्टेडियम मैदान पर टाइगर्स ने शास्त्री एफसी को और गढ़वाल डायमंड ने दिल्ली यूनाइटेड को क्रमशः 5–0 से हरा कर अपना लीग कार्यक्रम समाप्त किया। दिल्ली टाइगर्स की जीत का आकर्षण मैन ऑफ द मैच मुकुल की शानदार तिकड़ी रही । चक्ष दीप और अल्बर्ट ने एक एक गोल बांटे । विजेता टीमें पहले ही सुपर सिक्स में पहुँच चुकी हैं ।

दिन के दूसरे मैच में गढ़वाल डायमंड के गोल मानव , लकी , मोनू , बसंत और संकल्प ने किए । मैन ऑफ द मैच मानव शर्मा रहा । शनिवार को खेले जाने वाले अंतीम लीग मुकाबले में अहबाब को यूनाइटेड भारत से खेलना है । अन्य सभी टीमों ने अपना लीग कार्यक्रम पूरा कर लिया है जिनमें सीआईएसएफ नंबर एक पर विराजमान है ।

राउंडग्लास पंजाब एफसी बना पंजाब स्टेट लीग का चैंपियन

मोहाली ,राउंडग्लास पंजाब एफसी ने पंजाब स्टेट सुपर लीग के 56वें संस्करण के खिताबी मुकाबले में पंजाब पुलिस एफसी को 1–0 से शिकस्त देकर ट्राफी अपने नाम कर ली।मेहेंगा सिंह स्टेडियम में खेले गये मैच में पंजाब पुलिस एफसी ने राउंडग्लास पंजाब एफसी को कड़ी टक्कर दी। कृष्णानंदा ने दूसरे हाफ के अतिरिक्त समय में गोल दाग राउंडग्लास पंजाब की इस मैच में वापसी करा दी। कृष्णानंदा ने इस गोल के साथ ही ज्वाइंट हाइएस्ट स्कोरर का खिताब भी अपने नाम किया।प्रतियोगिता को अपने नाम करने को लेकर राउंडग्लास पंजाब फुटबाल क्लब के निदेशक निकोलस टोपियोलाटीक ने कहा मैं पंजाब स्टेट सुपर लीग 2022–23 खिताब जीतने को लेकर राउंडग्लास पंजाब एफसी को बधाई देना चाहता हूं । हमारा लक्ष्य अपने खिलाडियों को ज्यादा मौका देना है ताकि उनकी प्रतिभा उभर कर सामने आ सकें।

तीसरी राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप में 16 टीमें लेगी भाग

उदयपुर , राजस्थान के उदयपुर में 27 नवम्बर से प्रारंभ हो रही तृतीय राष्ट्रीय व्हीलचेयरर क्रिकेट चौम्पियनशिप–2022 में देश के विभिन्न राज्यों की 16 टीमों के 300 से अधिक व्हीलचेयर खिलाड़ी भाग लेगें। दिव्यांगों की सेवा–पुनर्वास में 38 साल से जुटी नारायण सेवा संस्थान , उदयपुर, डिफरेन्टली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ इण्डिया एवं व्हीलचेयर क्रिकेट इण्डिया एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान एवं राजस्थान रॉयल के समर्थन से इस सात दिवसीय चौम्पियनशिप का आयोजन होगा। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने आज यहां बताया कि इस व्हीलचेयर क्रिकेट चौम्पियनशिप में राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बड़ौदा, गुजरात, मुम्बई, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना की कुल 16 टीमों के तीन सौ से अधिक अधिक व्हीलचेयर खिलाड़ी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि चौम्पियनशिप की सफलता और व्यवस्था में 100 से ज्यादा खेल अधिकारी भी आ रहे हैं। इन सबके लिए संस्थान ने 80–90 कार्यकर्ताओं की टीम का गठन किया है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय खेल कुंभ का उद्घाटन समारोह सूरजपोल रोड स्थित राजस्थान कृषि महाविद्यालय (आरसीए) के ग्राउण्ड में रखा गया है। समारोह के दिन 10–10 ऑवर का मैच खेला जाएगा। खेल स्पर्धा को देखने वाले लोग, दिव्यांग खिलाडियों के जोश–हौसले का आनन्द उठाने के साथ चकित भी होंगे। व्हीलचेयर पर बैटिंग–बोलिंग और फिल्डिंग करना कई लोगों के लिए बिल्कुल नया और पहला अवसर होगा। राणा प्रतापनगर रेल्वे ग्राउण्ड एवं डबोक स्थित नारायण पैरा स्पोर्ट्स एकेडमी ग्राउण्ड पर भी लीग मैच होंगे।

श्री अग्रवाल ने बताया कि चौम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह में राज्य आयुक्त विशेष योग्यजन उमाशंकर शर्मा, राजस्थान राज्य खेल परिषद के सचिव, अधिकारी सहित पैरालिम्पिक में स्वर्ण पदक विजेता एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्लेयर व मंत्रीगण इन दिव्यांग खिलाडियों का हौसला अफजाई करेंगे।

गौरतलब है कि नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को खेल जगत में मुकाम दिलाने के लिए दो बार नेशनल पैरा स्वीमिंग का आयोजन क्रमशः 2017 एवं 2022 में कर चुका है तथा एक बार नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता करवा चुका है। जिसमें भी विभिन्न राज्यों के सैकड़ों दिव्यांगों ने अपना दमखम दिखाकर लोगों के दिल जीत लिए थे।

डीसीसीआई के संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह ने बताया कि व्यवस्थित और निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजन सम्पन्न कराने के लिए संस्थान के साथ विभिन्न कमेटियां गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता में 24 लीग, दो सेमीफाइनल सहित 27 मैच होंगे। 16 टीमों चार ग्रूप में बांटा गया है। ग्रुप (ए) मध्य प्रदेश, बड़ौदा, हरियाणा, कर्नाटक, ग्रुप (बी) राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, ग्रुप (सी) उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना ग्रुप (डी) पंजाब, छत्तीसगढ़, मुम्बई, दिल्ली शामिल है। श्री सिंह ने बताया कि विश्व दिव्यांगता दिवस पर तीन दिसम्बर को प्रतियोगिता का फाइनल मैच के साथ समापन समारोह आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 2.50 लाख, उपविजेता टीम को डेढ लाख रूपए एवं दोनों सेमीफाइनल की उप–विजेता टीमों को 50–50 हजार रूपये नकद का पुरस्कार दिया जाएगा।इस अवसर पर भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान सोमजीत सिंह बताया कि दिव्यांगों के क्रिकेट के नियम दो बदलावों के साथ सामान्य ही हैं। इसमें पिच 20 यार्ड का और बाउंड्री 40–45 मीटर की होती है। जबकि संकलांग क्रिकेट में पिच 22 यार्ड का और बाउन्ड्री 60 मीटर की होती है।

उन्होंने बताया कि नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से दो साल बाद हो रही नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता सामान्य क्रिकेट की तरह ही रोमांचक होगीं। इसमें भी खिलाडियों के बल्ले से चौके–छक्कों की बारिश देखने को मिलेगी। बॉलर भी कलात्मक गेंदबाजी से खिलाडियों को दिखायेंगे पेविलियन का रास्ता। व्हील चेयर पर क्रिकेट्र्स रन बटोरेंगे और फिल्डिंग भी करेंगे।

फिल्मी गपशप

हर कलाकार ऐसा समय चाहता है: दो शो के बीच संतुलन बनाने पर अनुराधा सिंह

अभिनेत्री अनुराधा सिंह फिलहाल पुष्पा इम्पॉसिबल और इमली समेत दो टीवी शो का हिस्सा हैं। अभिनेत्री का कहना है कि हालांकि दोनों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे पसंद कर रही हैं। वह कहती हैं, शुरूआत में मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि दोनों शो की टाइमिंग टकराती थी और उस दौरान के सभी सीन्स महत्वपूर्ण थे। इन मुद्दों को संभालना बहुत मुश्किल था। लेकिन मुझे लगता है कि हर कलाकार अपने करियर में एक समय देखना चाहता है। जहां उनके पास समय नहीं है क्योंकि वे लगातार काम कर रहे हैं। मैं इस तरह के महान काम और चरित्रों से धन्य हूं।शो के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं, पुष्पा इम्पॉसिबल में मेरी भूमिका भावना की है। कहानी मुंबई की एक चॉल और लोगों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में है। पुष्पा (करुणा पांडे वैद्य) और भावना बहुत अच्छे और करीबी हैं। दोस्तों लेकिन जब तुलना की बात आती है, तो भावना कभी–कभी उसे बहुत दबंग पाती है। भावना का परिवार अच्छा चल रहा है और वास्तव में, उस क्षेत्र में उनकी कई दुकानें हैं और इसलिए उन्हें लगता है कि वह पुष्पा का रवैया क्यों अपनाए। मुझे लगता है, केवल मैं ही नहीं, हर कोई इस चरित्र से संबंधित होगा क्योंकि हम सभी के दिल में प्यार और नफरत की भावनाएं हैं। हमारे सभी जीवन में और दूसरों के साथ हमारे संबंधों में उतार–चढ़ाव आते हैं।वह आगे कहती हैं, इमली में, मेरे चरित्र का नाम दिव्या है और मैं शो में अथर्व (करण वोहरा) की चाची (चाची) हूं। यह एक हास्य नकारात्मक चरित्र है। कई बार ऐसा होता है जब मैं नहीं सोचती कि मुझे क्या कहना है। मुझे लगता है कि मैंने वास्तविक जीवन में भी गलती से ऐसा किया है।

कार्तिक आर्यन ने फ्रेडी का नया पोस्टर किया शेयर, डरी सहमी दिखीं एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपनी अपकमिंग थ्रिलर फिल्म फ्रेडी का एक पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर से फिल्म में एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला का फर्स्ट पहला लुक सामने आया है।

अलाया ने फिल्म में कैनाज का किरदार निभाया है। फिल्म में पोस्टर को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, मिलिए फ्रेडी के जुनून कैनाज से पोस्टर एक पहेली की संकेत करता है। पोस्टर में कार्तिक आर्यन काफी गंभीर लग रहे है। वहीं अलाया डरी–सहमी दिख रही है। कार्तिक ने एक्ट्रेस के गले पर दांतो के डॉक्टर का एक टूल रखा है और उनके दस्तानों पर खून लगा हुआ है। फिल्म के टीजर ने पहले ही दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है।

हेरा फेरी 3 में नजर आएंगे कार्तिक आर्यन, परेश रावल ने की पुष्टि

कॉमेडी फिल्मों की जब भी बात होती है, तो हेरा फेरी फ्रेंचाइजी की फिल्मों का नाम जरूर लिया जाता है। हेरा फेरी 3 के प्रोजेक्ट को लेकर खबरें आती रहती हैं। अब अभिनेता परेश रावल ने बताया है कि कार्तिक आर्यन की हेरा फेरी 3 में एंट्री हो गई है। सोशल मीडिया पर एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए परेश ने कार्तिक के फिल्म में होने की पुष्टि की है।

एक सोशल मीडिया यूजर ने परेश को टैग करते हुए पूछा, परेश रावल सर, क्या यह सही है कार्तिक आर्यन हेरा फेरी 3 कर रहे हैं? इसका जवाब देते हुए परेश ने अपने ट्वीट में लिखा, हां, यह सच है। परेश की इस प्रतिक्रिया के बाद सोशल मीडिया पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई लोग फिल्म के अन्य स्टारकास्ट के बारे में उनसे पूछते हुए दिखे। फैंस फिल्म में अक्षय की मौजूदगी को लेकर भी सवाल पूछ रहे हैं।

हालिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि कार्तिक को फिल्म में अक्षय कुमार की जगह चुना गया है। परेश और सुनील शेट्टी अपने किरदारों को आगे बढ़ाते हुए दिख सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है कि अक्षय इस फिल्म का हिस्सा बनेंगे या नहीं। बता दें

कि कार्तिक ने भूल भुलैया 2 में अक्षय को रिप्लेस किया था। इस फिल्म को सिनेमाघरों में शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। फिरोज नाडियाडवाला हेरा फेरी 3 को प्रोड्यूस करने वाले हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि इसकी कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां दूसरा पार्ट खत्म हुआ था। हेरा फेरी 2000 में रिलीज हुई थी।

लॉस्ट में भूमिका निभाने के दौरान लेस इज मोर के सिद्धांत का पालन किया: यामी गौतम

अभिनेत्री यामी गौतम ने कहा है कि हिंदी फिल्म लॉस्ट में मुख्य भूमिका निभाने के दौरान उन्होंने लेस इज मोर के सिद्धांत का पालन किया, जो उनके अनुसार बहुत चुनौतीपूर्ण था। यह बयान अभिनेत्री ने बुधवार को गोवा में चल रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में टेबल टॉक कार्यक्रम में दिया। फिल्म में नायिका की भूमिका निभाने का अपना अनुभव बताते हुए यामी ने कहा कि जब ऐसा किरदार आपके सामने आता है तो उसे निभाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा, कभी–कभी हमें लगता है कि लेस इज मोर के सिद्धांत का मैंने पालन किया। मैंने वास्तव में फिल्म में चरित्र को चित्रित करने की कोशिश नहीं की। मैं चरित्र के अंदर ही थी, जैसा वह है।सच्ची घटनाओं से प्रेरित, लॉस्ट एक युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है जो एक युवा थिएटर कलाकार के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की अथक खोज में है। इस फिल्म को आईएफएफआई में दिखाया गया।

रूद्र: द एज ऑफ डार्कनेस का दूसरा सीजन लेकर लौटेंगे अजय देवगन

अजय देवगन की वेब सीरीज रूद्र: द एज ऑफ डार्कनेस का दूसरा सीजन आने वाला है। पहला सीजन देखने के बाद प्रशंसकों को रूद्र 2 का इंतजार था, जो अब खत्म होने वाला है। सीरीज के निर्माता ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। इसमें अजय का अभिनय और अंदाज दर्शकों को बेहद पसंद आया था। अब फिर वह अपने उसी अवतार में डिजिटल जगत में वापसी करने वाले हैं।

रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस के निर्माता समीर नायर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर रुद्र के दूसरे सीजन के साथ वह जल्द ही वापसी करेंगे। समीर ने कहा, दूसरा सीजन लाने का इरादा तो पहले से ही था। हमारे पास एक शानदार आइडिया है। उस पर काम जारी है। अब मुझे ओटीटी प्लेटफॉर्म से इस बारे में बातचीत करनी है। उम्मीद है जल्द ही दूसरा सीजन आपके बीच होगा।

बता दें कि समीर नायर अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ भी हैं। अजय की रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस के अलावा उनकी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले स्कैम 1992, क्रिमिनल जस्टिस, भौकाल और अब तनाव जैसी कई वेब सीरीज का निर्माण किया जा चुका है।सीरीज में अजय ने डीसीपी रूद्रवीर सिंह का किरदार निभाया था, जो अपराधियों के दिमाग तक पहुंचने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। इसमें

राशि खन्ना, ईशा देओल, अश्वनी कलसेकर, अतुल कुलकर्णी और आशीष विद्यार्थी जैसे कलाकार भी नजर आए। ईशा ने अजय की पत्नी शैला का किरदार निभाया, जो तलाक दिए बगैर किसी और के साथ लिव इन में है, वहीं राशि खन्ना (आलिया चौकसी) को सीरीज की पहली किलर के रूप में दिखाया गया।

रूद ब्रिटिश सीरीज लूथर का हिंदी रीमेक है। इसका पहला सीजन 2010 में आया था, जिसमें अभिनेता इदरिस एल्बा मुख्य भूमिका में थे। रूद्र राजेश मापुस्कर की पहली थ्रिलर सीरीज है। इसमें कुल छह एपिसोड हैं और हर एपिसोड में रूद्रा नए मामले की गुत्थी सुलझाता दिखता है। एपिसोड दर एपिसोड उसकी निजी जिंदगी की परतें भी खुलती रहती हैं। यह सीरीज इस साल 4 मार्च को डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।

जल्द ही अजय फिल्म दृश्यम 2 में दिखेंगे, जो 18 नवंबर को रिलीज हो रही है। इसके अलावा सर्कस, भोला, मैदान और नाम भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं। अजय के लिए 2022 कुछ खास नहीं रहा है। अब तक उनकी दो फिल्में रनवे 34 और थैंक गॉड सिनेमाघरों में आई हैं। इन दोनों ही फिल्मों से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इनका कलेक्शन देख निर्माताओं ने सिर पकड़ लिया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com